खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
www.shahtimesnews.com
हल्द्वानी, बुधवार 4 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 284 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 7 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान अधिकतम :31°C न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 80,737.51 निफ्टी 24,542.50
सोना 99,570 चांदी 1,00,100

## कोरोना संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गई। अभी तक 2700 मरीजों को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गई।

## बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। मंगलवार को मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

## 'इंडिया' ने दोहराई संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए पीएम मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है।

# भारत को 48 घंटे में हराना चाहता था पाकिस्तान

### CDS अनिल चौहान ने किया खुलासा: कैसे फेल हुई पाक की रणनीति

पुणे, वार्ता

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। वे मंगलवार को पुणे यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

उन्होंने यहां भविष्य के युद्ध और युद्ध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 10 मई रात एक बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए और संघर्ष को बढ़ाया, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में रहने वाला नहीं है। प्रोफेशनल मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। आपको अपना मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो -शेष पृष्ठ दो पर

■ नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया



## ऑपरेशन सिंदूर: विदेश गए डेलिगेशन से मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने गए डेलिगेशन ग्रुप्स से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी सभी 7 डेलिगेशन ग्रुप से 9 या 10 जून को मिलेंगे। इस दौरान डेलिगेशन अपने दौरे की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देंगे। भाजपा के बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला डेलिगेशन मंगलवार को भारत लौट आया है। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक और रेखा शर्मा, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए छह जून को उम्मीद पोर्टल होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो एक से दो महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

### जमीन घोटाले में तीन पर गिरी गाज

# DM हरिद्वार समेत दो IAS सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम व पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि -शेष पृष्ठ दो पर

■ चार अन्य पर भी हुई कार्रवाई, अब तक हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में 12 नपे


हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद' नहीं बल्कि 'कर्तव्य' और 'जवाबदेही' महत्वपूर्ण है। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा, तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा

– **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

## पंजाब में आईएसआई के जासूस सहित दो गिरफ्तार

### सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी कर रहा था साझा

**तरनतारन/जयपुर।** काउंटर- इंटेलिजेंस-पंजाब से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान की आईएसआई के एक जासूस को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान मोहल्ला रोडूपुर, गली नज़र सिंह वाली, तरनतारन निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के तौर पर हुई है। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान की आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। उधर राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी सुरक्षा) विष्णुकांत गुप्ता ने बताया कि शकूर खान की गतिविधियां काफी समय से संदिग्ध पाई जा रही थी।




# उप्र में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (चार साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा। वहीं प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक में इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, -शेष पृष्ठ दो पर

■ भूतपूर्व सैनिक की तरह की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी



## संक्षिप्त समाचार

### जैन समाज अपने घरों में पांच जून को रोपित करेगा 75 हजार पौधे

**नई दिल्ली।** संपूर्ण देश में जैन समाज के लोग पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने-अपने घरों में 75 हजार पौधों का रोपण करेंगे जिनमें फल, फूल और औषधीय पौधे होंगे। जैन संत श्री वरूणमुनि ने मंगलवार को यहां बताया कि समाज ने गुरु अमर संयम अमृत वर्ष के पावन अवसर पर 75 हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इसके अनुसार पांच जून को सम्पूर्ण भारतवर्ष में 75 हजार पौधों को रोपने का आयोजन अखिल भारतीय श्रुताचार्य श्री गुरू अमर संयम अमृत वर्ष आयोजन समिति के तत्त्वावधान में किया जा रहा है। इस आयोजन समिति के मार्गदर्शक राज्यसभा सदस्य लहरसिंह सिरोया और अध्यक्ष महेन्द्र जैन हैं। इस आयोजन में पांच जून को भारतवर्ष के सभी जैन धर्मावलम्बी पूरे परिवार के साथ अपने घर के आंगन में किसी भी फल, फूल या औषधि का पेड़ लगाएगें। श्री वरुणमुनि ने बताया कि ऐसे परिवारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनहरा बनाना है। प्रकृति मां के प्रति अपना कुछ अंश में कर्जा चुका सके। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कभी फल, कभी मेवे, कभी हरी या सूखी सब्जियां तो कभी वृक्षों से निर्मित औषधियों का सेवन करता है।

### सुरक्षा के बीच खीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेर. बल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक खीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। उत्सव के सुचारू और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में और उसके आसपास जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की भारी तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर तक पहुंचने वाले सभी रास्तों की सफाई की गई है।

### एनडीपीएस मामले में संलिप्तता, पीएचई कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) मामले में संलिप्तता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के एक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार के जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्तीय आयुक्त, शालीन काबरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जम्मू कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के नियम 31 (2) के अनुसार कार्यकारी अभियंता, पीएचई डिवीजन पुंछ द्वारा कर्मचारी को गिरफ्तारी की तारीख से निलंबित कर दिया गया था। पीएचई कर्मचारी, देगवार तेरवान, तहसील हवेली जिला पुंछ का निवासी, जल शक्ति (पीएचई) डिवीजन पुंछ में खलासी के रूप में कार्यरत था, जो वर्तमान में निलंबित था, उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर मिलेगी होमस्टे की सुविधा: योगी

# यूपी में बीएंडबी व होमस्टे नीति को मिली मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्तावों में से 10 को स्वीकृति प्रदान की गई , कोई भी व्यक्ति एक से छह कमरों तक रजिस्टर करा सकता है

**लखनऊ।** धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करने के मकसद से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस नई नीति को मंजूरी प्रदान की गई।

पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। लोकभवन के सभागार में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमा. ेदन के लिए रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 रुपए तक का शुल्क लिया जाएगा। वहीं शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होमस्टे संचाल. कों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से पंजीकरण कर सकेंगे। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है, ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। इस नीति के लागू होने से न केवल पर्यटकों को सस्ते और सुविधाजनक ठहरने का विकल्प मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा पांच इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह फैसला लिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा.लि. बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा.लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

### यूपी के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स अभियान

- मोटे अनाज से किसानों को होगा फायदा

**लखनऊ।** यूपी के किसानों की आमदनी बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक अनाज देने के लिए योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज या श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने का बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। यह काम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार ने 2025-26 की राज्य कार्ययोजना तैयार कर ली है। सरकार का मानना है कि इस योजना से छोटे और मझोले किसानों की जिंदगी बदल जाएगी। एक तरफ किसानों को खेती से अच्छी आमदनी मिलेगी, तो दूसरी तरफ लोगों को ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे पौष्टिक अनाज खाने को मिलेंगे। ये अनाज न सिर्फ सस्ते होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। डॉक्टर भी कहते हैं कि मोटे अनाज खाने से शरीर को ताकत मिलती है और बीमारियां दूर रहती हैं। सरकार ने बताया कि अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली और सीतापुर समेत 47 जिलों में इन अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। ज्वार की खेती 24 जिलों में होगी, बाजरे की खेती 38 जिलों में, कोदो की खेती 13 जिलों में और सावां की खेती 12 जिलों में कराई जाएगी। इससे किसानों को ज्यादा दाम मिलेंगे और वे खुशहाल होंगे।

## ट्रम्प के फोन पर मोदी ने किया सीजफायर: राहुल

भोपाल, वार्ता



- पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा

पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को लेकर राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया।

भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस को लेकर कहा कि इन पर जरा सा दबाव पड़ता है और ये पीछे हट जाते हैं। उधर से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक इशारा किया और इन्होंने जी हुजूर, करके सीजफायर कर दिया। राहुल गांधी का ये बयान एक्स पर शेयर किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि इतिहास गवाह है, यही भाजपा -आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में इंदिरा गांधी को जो करना था वो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल सरेंडर करने वाले लोग नहीं थे। ये सुपर पावर से लड़ने वाले लोग थे। राहुल गांधी ने कहा कि इन दिनों देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। पहली लड़ाई संविधान की है। इसमें एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो संविधान के साथ खड़ी हुई है। दूसरी लड़ाई सामाजिक न्याय की है। जाति जनगणना को लेकर सरकार का रवैया महिला आरक्षण की तरह ही है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया। जाति जनगणना को लेकर जनता ने सर्वे के सवाल तय किए। ऐसा अन्य जगह नहीं हुआ है। देश के विकास के लिए सभी की भागीदारी होनी चाहिए है। जाति जनगणना के लिए तेलंगाना माडल ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। एमपी में ही भाजपा को हराने वाले कार्यकर्ता बैठे हुए हैं लेकिन उनके हाथ बंधे हुए हैं। कार्यकर्ताओं की आवाज कांग्रेस के संगठन में ठीक से सुनाई नहीं दे रही है।

## मुसलमानों के खिलाफ हिंसा चिंताजनक

### जमात-ए-इस्लामी हिंद ने की फलस्तीन मुद्दे पर सरकार से दबाव बनाने की मांग

नई दिल्ली, वार्ता

- कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परम्परा

जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) ने देश में मुसलमानों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और बुलडोजर कार्रवाइयों पर गहरी चिंता जताई है। संगठन के वाइस प्रेसिडेंट मलिक मो. हतसिम और इंजीनियर सलीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलीगढ़, कर्नाटक, गुजरात और दिल्ली में हुई हालिया घटनाओं की निंदा की। उन्होंने सरकार से कानून का राज स्थापित करने और फलस्तीन मुद्दे पर भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

मलिक मोहतसिम ने बताया कि अलीगढ़ में चार मुस्लिम युवकों के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की और उन्हें अधमरा कर दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। पीड़ितों के पास वैध कागज थे, यहां तक की उनके पास कोई बीफ (गाय का मांस) नहीं था, फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दोनों पक्षों को बराबर मानकर केस दर्ज किया गया, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। कर्नाटक में भी ऐसी ही घटना हुई, जिसकी जमात ने कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के लिचिंग विरोधी आदेशों की अवहेलना हो रही है। दोषियों को उम्रकैद की सजा देकर कानून का डर पैदा करना चाहिए। जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष इंजीनियर सलीम ने कहा कि यूपी, गुजरात और दिल्ली में मुस्लिम इलाकों में बुलडोजर कार्रवाइयों को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपी के नेपाल सीमा से सटे इलाकों में 300 से ज्यादा कब्रिस्तान और मदरसों पर बिना नोटिस के बुलडोजर चलाए गए। गुजरात के अहमदाबाद में चंदोला झील के पास 30-40 साल से रह रहे लोगों को बेघर कर दिया गया और उन्हें बांग्लादेशी बताकर नफरत फैलाई गई। दिल्ली के ओखला, तैमूर नगर और बाटला हाउस में भी ऐसी ही कार्रवाइयां हुईं। सलीम ने इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवमानना बताया और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फलस्तीन में इजरायल की कार्रवाइयों को वॉर क्राइम करार देते हुए मलिक मोहतसिम ने कहा कि 'ये एक जेनोसाइड है। गाजा में नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित न रहे, बल्कि अमेरिका पर हथियार सप्लाई रोकने के लिए दबाव बनाए। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर कुर्बानी को लेकर उठ रहे विवादों पर इंजीनियर सलीम ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परंपरा है, जो दुनिया भर में निभाई जाती है।

### यूपी के अस्पतालों में बिना जरूरत छुट्टी पर रोक

**लखनऊ।** यूपी में आने वाले त्योहारों और तेज गर्मी को देखते हुए सभी अस्पतालों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। डिप्टी सीएम ब्रज. ेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की भर्ती और इमरजेंसी सेवाएं पहले से बेहतर की जाएं। डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ को जरूरी कारणों के अलावा छुट्टी नहीं दी जाएगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एक पत्र जारी किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं और बेहतर होनी चाहिए, इसके लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं, ताकि मरीजों को इलाज में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने यह भी कहा कि 102, 108 और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस हमेशा चालू रहें, ताकि मरीजों को जल्दी नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## यमुना में डूबने से चार लड़कियों की मौत

आगरा, वार्ता



- आगरा में दो की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती
- डीएम मौके पर पहुंचे व हालात का जायजा लिया

जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को नगला नाथू में यमुना नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से चार किशोरियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, पुलिस प्रशासन और रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नगला नाथू की छह किशो. रियां दोपहर में यमुना नदी में नहाने गई थीं। नहाते समय वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं, उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम, जिसमें गोताखोर भी शामिल थे मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

अथक प्रयासों के बाद, छह में से दो बच्चियों को गंभीर हालत में नदी से बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला अस्पताल प्रबंधन को बच्चियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दुर्भाग्यवश चार अन्य किशो. रियों को बचाया नहीं जा सका और उनकी डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नदी किनारे सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

## चौतरफा मुनाफावसूली से शेयर बाजार में भूचाल



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे निवेशकों की वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका के बढ़ते राजकोषीय जोखिमों को लेकर चिंता के चलते निवेश धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 636.24 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर सात कारोबार सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 80,737.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 24542.50 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 45,159.96 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 52,563.44 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2266 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2999 कंपनियों के शेयरों में से 1696 में बिकवाली जबकि 1224 में लिवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मिश्रित वैश्विक संकेतों, भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते अस्थिरता भरे मुद्रा बाजार के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहा और नकारात्मक दायरे में बंद हुआ।

बाजार पर व्यापक मुनाफा वसूली का असर देखा गया। हालांकि रियल एस्टेट समूह को आरबीआई की संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से समर्थन मिला, जिससे यह समूह अन्य क्षेत्रों की तुलना में मजबूत बना रहा। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अपेक्षाकृत सीमित समेकन देखने को मिला, जिसका मुख्य कारण बेहतर आय वृद्धि की संभावनाएं और प्रीमियम मूल्यांकन में आई नरमी है। इसके विपरीत, लार्ज कैप शेयरों में निवेशकों द्वारा अधिक मुनाफावसूली दर्ज की गई।

### पतंजलि आयुर्वेद को एमसीए से जांच का नोटिस नहीं मिला

**मुंबई।** योग गुरु बाबा रामदेव की शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा है कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को कंपनी मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से प्रस्तावित जांच के संबंध में कोई नोटिस या संचार नहीं मिला है। कंपनी ने इस संबंध में मीडिया में खबर आने के बाद बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को दिए स्पष्टीकरण में यह बात कही है। कंपनी ने कहा कि उनके कानूनी सलाहकार इस संबंध में उचित कार्रवाई की जांच कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद से पुष्टि के आधार पर यह स्पष्टकीकरण जारी किया गया है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों में भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 50 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3938 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 660 रुपए, मूंगफली तेल 110 रुपए और पाम ऑयल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि सूरजमुखी तेल 1099 रुपए, सोया रिफाइंड 880 रुपए और वनस्पति तेल 256 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत को...**

हुआ वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है। सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान की प्लानिंग फेल होने के बाद उसने भारत से फोन (हॉटलाइन) पर संपर्क किया था। उसे लगा था कि अगर यह जारी रहा, तो उसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए और उनमें से कुछ दो मीटर जितने करीब थे। सीडीएस चौहान ने भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान फाइटर जेट खोने के सवाल पर कहा कि जब मुझसे हमारे नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं। यह महत्वपूर्ण है। नुकसान और संख्या के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं। इसका कोई सवाल ही नहीं है।

**डीएम हरिद्वार...**

को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री धामी ने इस प्रकरण की जांच के आद. ेश दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सभी सात आरा. ेपी अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है। जमीन घोटाला प्रकरण में अब तक हुई कार्रवाई: कर्मेन्द्र सिंह – जिलाधिकारी और तत्कालीन प्रशासक नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),वरुण चौधरी – तत्कालीन नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),अजयवीर सिंह– तत्कालीन, उपजिलाधिकारी हरिद्वार (निलंबित), निकिता बिष्ट – वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित),विक्की – वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (निलंबित), राजेश कुमार – रजिस्ट्रार कानूनगो, तहसील हरिद्वार (निलंबित), कमलद. ास-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, तहसील हरिद्वार (निलंबित)। पूर्व में हो चुकी कार्रवाई: रविंद्र कुमार दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त), आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित), लक्ष्मी कांत भट्ट्- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित), दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित), वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त), हरिद्वार नगर निगम घोटाले में बताया जा रहा है कि यह: मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया।

**उप्र में...** सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है।

## नकली उर्वरक व कीटनाशक पर बनेगा सख्त कानून: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरक और कीटनाशक बनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सख्त कानून की तैयारी कर रही है।

चौहान ने मंगलवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के छठे दिन महाराष्ट्र में पुणे जिले के नारायणगांव में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि नकली खाद या कीटनाशक बनाने वाली और किसानों को आपूर्ति करने वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार सख्त कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों और उर्वरकों के सही और संतुलित प्रयोग होना चाहिए। सरकार एक सख्त कानून बनाने पर विचार कर रही है, जिसके अंतर्गत जो भी कंपनी या व्यक्ति नकली उर्वरक या कीटनाशक बनाकर किसानों को आपूर्ति करते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने कहा कि क्षेत्रवार कृषि विकास योजना तैयार की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कृषि और किसानों की प्रगति के लिए काम करेंगे। बातचीत के दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री को अपनी चिंता से अवगत कराया और न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेमौसम बारिश के कारण कृषि उपज को होने वाले नुकसान, खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, समय पर कृषि उपकरण और बीज नहीं मिलने, बेहतर प्रशीतन भंडारण सुविधाओं, कृषि प्रसंस्करण केंद्रों की उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ नारायणगांव कृषि उपज मंडी समिति और टमाटर मंडी, स्थानीय खेतों और कोल्ड स्टोरेज सुविधा का दौरा किया, जहां उन्होंने टमाटर और अन्य फसल उगाने वाले स्थानीय किसानों से बातचीत की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसंकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाला: भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री धामी का प्रहार

# घोटाले की होगी विजिलेंस जांच, भूस्वामियों से होगी धन की रिकवरी

■ तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी के कार्यकाल के कार्यों की ऑडिट के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम घोटाले को लेकर सरकार अब विजिलेंस जांच कराने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हाई प्रोफाइल घोटाले की जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को इस मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बड़े अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में नगर निगम हरिद्वार में सामने आए भूमि घोटाले में कठोर कार्रवाई की गई है। जांच में दोषी पाए गए 10 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 2 कार्मिकों का सेवा विस्तार समाप्त कर दिया गया है। निलंबित किए गए अधिकारियों में हरिद्वार जिले के वर्तमान जिला अधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, और एसडीएम अजयवीर सिंह शामिल हैं।



राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- : **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच सतर्कता विभाग (विजिलेंस) से कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि दोषियों की पूरी श्रृंखला का खुलासा हो सके और पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त, उक्त भूमि घोटाले से संबंधित विक्रय पत्र (सेल डीड) को निरस्त करते हुए भूस्वामियों को दिए गए धन की रिकवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी के कार्यकाल के दौरान नगर निगम हरिद्वार में हुए सभी कार्यों का विशेष ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि वित्तीय अनियमितताओं की समुचित जांच की जा सके।

## यह है पूरा मामला?






दरअसल, हरिद्वार नगर निगम में जमीन खरीद घोटाले की सारी पटकथा नगर निगम निकाय चुनावों से पूर्व की है जब पिछले वर्ष कार्यकाल पूरा होने के बाद निगम में प्रशासक बनाए गये थे और पूरी व्यवस्था प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ में आ गई थी। उस दौरान शहर में कूड़े के स्थान वाली करीब 35 बीघा कृषि भूमि को नगर निगम कमर्शियल रेट पर करीब 55 करोड़ रुपये में खरीद लिया। जबकि वो कृषि योग्य भूमि के रूप में करीब 15 करोड़ रुपये की ही बन रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले इसका भू-उपयोग परिवर्तन किया गया। इस सारी प्रक्रिया में तमाम नियम कायदों की अनदेखी हुई। साथ ही भूमि खरीदने के लिए ना तो कोई उपयोग का प्लान तैयार किया गया। ना ही शासन की अनुमति ली गई। बोर्ड तो अस्तित्व में था ही नहीं। जबकि ऐसे नीतिगत फैसले निर्वाचित बोर्ड की बैठक में लिए जाते हैं। साथ ही भू उपयोग परिवर्तन में भी बहुत तेजी दिखाई गई। इस सारे मामले का खुलासा तब हुआ जब नगर निगम के चुनाव के बाद इस वर्ष हरिद्वार की मेयर ने ये मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिकायत की और मुख्यमंत्री ने जांच बैठाई। शुरुआती जांच में नगर निगम के कई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। उसके बाद आईएएस अधिकारी रणवीर चौहान को घोटाले की जांच सौंपी गई थी। रणवीर चौहान ने 29 मई को अपनी जांच रिपोर्ट सचिव शहरी विकास नितेश झा को सौंप दी थी जिसमें जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी एवं तत्कालीन नगर आयुक्त की भूमिका संदिग्ध बताते हुए कार्रवाई की संस्तुति की गई थी।

# गोली मारकर कार सवार की हत्या, फैली सनसनी

**शाह टाइम्स क्राइम रिपोर्टर**

**देहरादून।** बीती रात्रि प्रेम नगर थाना क्षेत्र के पीपल चौक माण्डुवाला में बोलेरो का सवार एक युवक की बाइक सवार व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो विभाग में हड़काम मच गया आनंद फानन में क्षेत्राधिकार प्रेम नगर सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या की घटना को अंजाम देकर फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान शुरू किया। वही इस मामले में दो बाइक सवारी युवकों के विरुद्ध प्रेम नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



■ मुजफ्फरनगर के कस्बा बरला निवासी बाइक सवार दो युवकों ने दिया हत्याकांड को अंजाम

एसपी सिटी ने बताया कि बीती रात्रि सेलाकुई के तिलवाड़ी निवासी अभिषेक बर्तवाल पुत्र संतोष कुमार अपने दोस्त निशान्त खर्कवाल, पियूष बिष्ट व रोहित नेगी, आयुष एवं महिला मित्र आन्या खान व तरून हौंडा के साथ गाडी संख्या यूके07एफजेड 0707 बोलेरो कार में सवार होकर पीपल चौक माण्डुवाला में आए थे। बताया गया है कि इसी बीच उन सब के साथ मौजूद महिला मित्र के फोन पर मुजफ्फरनगर जिले के बरला निवासी अजहर त्यागी नाम के युवक का फोन आया। फोन पर बात करने वाला व्यक्ति अजहर त्यागी महिला के साथ भद्रता के साथ बात कर रहा था। सूत्रों के अनुसार इसी बीच महिला के हाथ से फोन लेकर वहां मौजूद रोहित नेगी ने फोन पर बात कर रहे युवक अजहर त्यागी से बात करनी शुरू कर दी। इसी बीच दोनों के बीच फोन पर बहस एवं अभद्रता शुरू हो गई। थोडी देर के बाद जब कार में सवार सभी लोग पीपल चौक माण्डुवाला पहुंचे तो वहां बाइक सवार दो युवक आए और कार में बैठे रोहित नेगी के ऊपर गोलियां चला दी।जिसके चलते रोहित की गर्दन में एक गोली लगी। घटना को अंजाम देकर मौके से बाइक सवार फरार हो गए। इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो विभाग में हड़कंप मच गया। आनंन फानंन में क्षेत्राधिकार प्रेम नगर रीना राठौर सहित प्रेम नगर थाना अध्यक्ष एवं अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बोलेरो कार में घायल पड़े युवक को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ग्राफिक एरा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। वहीं पुलिस इस घटना के बाद घटना को अंजाम देखकर बाइक पर फरार हुए आरोपियों की धर पकड़ की तलाश में जुट गई। क्षेत्राधिकार प्रेम नगर रीना राठौर ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी सहित पुलिस की कई टीम बनाई और आरोपियों की धर पकड़ में जुट गए। वही जैसे ही इस घटना की सूचना परिजनों को मिली तो वहां हाहाकार मच गया। आनंन फानंन में मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे।पुलिस नंबर तक के शव का पंचायत नामा पर परीक्षण के लिए भिजवाया।

# राजधानी में राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के 20 एवं 21 जून को जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौपे गए कार्यों एवं तैयारियों को समय से पूर्ण करे।

राष्ट्रपति का 20 जून को आशियाना एवं 21 जून योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने आयुष विभाग को योग दिवस के अवसर पर विभागों से समन्वय करते हुए तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका समय से पूर्ण कर लें। विभाग आपसी समन्वय से कार्यक्रम स्थलों पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्थाएं बनाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, पुलिस अधीक्षक सदर रेनू, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार, संयुक्त निदेशक आयुष मिथलेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त 212 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

■ महिला सशक्तिकरण व बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के हाथों जनपद देहरादून में मिली नौकरी की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को देहरादून जनपद में चयनित की गई 212 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विश्वविद्यालय स्थित सभागार में किया गया।



महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में पूरे प्रदेश में 6330 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यानी कुल मिलाकर 7052 पदों पर भर्ती की है । इनमें से सबसे पहले देहरादून जनपद में 17 कार्यत्रियों और 195 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। जल्द ही अन्य 12 जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित करके नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का एक माध्यम नहीं, बल्कि यह सेवा का एक बड़ा अवसर है। भाजपा सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में सर्वाधिक बढ़ोतरी की है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भर्ती ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई और इस पूरी प्रक्रिया को सिर्फ 3 महीने के समय में पूरा कर लिया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में उच्च शिक्षित लड़कियां और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर उपनिदेशक मोहित चौधरी, डीपीओ जितेंद्र कुमार, डीपीओ एसके त्रिपाठी, सीडीपीओ नीतू फुलेरा आदि उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ेंगे उच्च शिक्षण संस्थान: डॉ. रावत

■ 5 जून से 31 जुलाई तक प्रदेशभर में चलेगा सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य के सभी राजकीय उच्च शिक्षण संस्थान 'एक पेड़ मॉ के नाम' अभियान से जुड़ेंगे। जिसका शुभारम्भ आगामी 5 जून से किया जायेगा। जो कि 31 जुलाई तक प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में चलाया जायेगा। अभियान के दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ ही छात्र-छात्राएं भी अपने संस्थान के परिसर, घर व सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी एक पौधे का रोपण कर अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।



इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपतियों एवं निदेशक उच्च शिक्षा को दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में आगामी 5 जून से 31 जुलाई तक सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा। जो 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित किया जायेगा।

इस अभियान की शुरूआत देश के प्रधानमंत्री मोदी ने एक वर्ष पूर्व 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर की थी। डॉ. रावत ने बताया कि इसी अभियान से प्रेरणा लेते हुये राज्य सरकार ने प्रदेशभर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में इस अभियान को चलाने का निर्णय लिया है। विभागीय मंत्री ने बताया कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत एवं नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जायेगा। जिसके तहत सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गोष्ठियों का आयोजन कर छात्र-छात्रों को बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ जानकारी देने के साथ ही नशे से दूर रहने की सलाह दी जायेगी। बैठक में सचिव उच्च शिक्षा रणजीत सिन्हा, कुलपति कुमाऊं विवि प्रो. डी.एस. रावत, कुलपति श्रीदेव सुमन विवि प्रो. एन.के. जोशी, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. के.के. पाण्डेय, संयुक्त सचिव विक्रम सिंह यादव, उप सचिव ब्योमकेश दुबे, अनु सचिव दीपक कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालयों को मिला समर्थ पोर्टल संचालन का जिम्मा

**देहरादून।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने समर्थ पोर्टल संचालन का जिम्मा पूर्ण रूप से विश्वविद्यालयों को सौंपने के निर्देश सचिव उच्च शिक्षा को दिये है। जिस पर विभागीय सचिव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया जायेगा। इसके उपरांत प्रवेश एवं अन्य गतिविधियों का सम्पादन विश्वविद्यालयों के द्वारा स्वतंत्र रूप से किया जायेगा। किसी प्रकार के विवाद एवं समस्या उत्पन्न होने पर ही शासन इसमें हस्तक्षेप कर सकेगा ताकि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर पंजीकरण करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। शैक्षणिक कैलेण्डर जारी होने के साथ ही समर्थ पोर्टल भी ओपन कर दिया जायेगा जो कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने तक खुला रहेगा।

# जयहिंद सभा के नाम पर कांग्रेस का राजनैतिक मंच सजाना शर्मनाक बताया : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने जयहिंद सभा के नाम पर राजनैतिक मंच सजाने के लिए कांग्रेस पार्टी की कड़ी आलोचना की है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने देशहित पर राजनीति को तरहीज देने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। कहा, सभा में सेना के शौर्य पर एक शब्द नही कहा गया और उनके तमाम नेता सैन्य रणनीति और विदेश नीति पर छोटे मुख से बड़ी बड़ी अनर्गल बातें करते रहे। देवभूमि की राष्ट्रवादी जनता, देशभक्ति की आड़ में होने वाली इस राजनीति को किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।



■ कहा-देवभूमि की राष्ट्रवादी जनता को, देशभक्ति पर राजनीति, स्वीकार्य नहीं

मीडिया के लिए जारी बयान उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी की राजनैतिक प्रासंगिकता समाप्त हो गई है। विचारहीन कांग्रेस 2014 के बाद से पूरी तरह मुद्दाविहीन हो गई है। यही वजह है कि वह लागतार झूठ, भ्रम और प्रपंच की राजनीति कर रही है। लेकिन जनता ने उनकी इस नकारात्मक राजनीति को बार बार सिरे से नकारा और हर चुनाव में करारा सबक सिखाया है। भट्ट ने कहा कि, देश की तरह प्रदेश की जागरूक जनता भी, कांग्रेस के राजनैतिक कार्यक्रमों से अब नदारद रहती है। यही वजह है कि कभी वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का असफल प्रयास करती है तो कभी कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर झूठे आरोप लगाकर माहौल खराब करने की कोशिश करती है।

# पुष्कर धामी सरकार के तीन वर्षों में कई अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

## भ्रष्टाचार के मामलों में 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों पर गिर चुकी गाज

**एम. फहीम तन्हा**

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** हरिद्वार नगर निगम में भूमि खरीद घोटाले के इस अनोखे खेल प्रदेश की राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में ही नहीं बल्कि आम जनता में भी खूब चर्चा हो रही है। इस प्रकरण को इस तरह से देखा जा रहा है जैसे कि खेत को बाढ़ ही खा गई हो। यानी जिनके ऊपर सरकारी धन और संपत्ति की रखवाली की जिम्मेदारी थी, मानों वो ही आँख मूंदकर अपने अधिकारों का मनमाना इस्तेमाल कर रहे थे। सवाल उठ रहा है कि क्या कुछ अधिकारी अपने निजी हितों और लालच को इतना आगे बढ़ाकर रखते हैं कि जनता के पैसे की बर्बादी करते समय भी ख्याल नहीं रहता। सवाल ये भी उठ रहा है कि आखिर क्यों जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने अधिकारों का ना सिर्फ दुरुपयोग किया बल्कि नीतिगत मामलों में अपने अधिकार क्षेत्र की भी अनदेखी करते हुए बिना वजह करीब 55 करोड़ की भूमि खरीद ली, जिसके लिए पूरी नियमानुसार प्रक्रिया को भी अपनाना जरूरी नहीं समझा। सवाल उठ रहा है कि क्या इस खेल में कोई और भी शामिल है। बहरहाल, जनता के लिए संतोषजनक बात ये है कि राज्य की

> "सरकार की नीति साफ हैख्र भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और जवाबदेही तय करना।" यही कारण है कि बीते तीन सालों में कई ऐसे वरिष्ठ अफसरों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की गई है, जो पहले अछूत माने जाते थे - **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

### पिछले तीन वर्षों में इन 'बड़े नामों' पर गिरी सरकार की गाज

हरिद्वार जमीन घोटाला : 2 आईएएस और 1 पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोग सस्पेंड, रामविलास यादव (आईएएस अधिकारी): आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल।, किशन चंद (आईएफएस अधिकारी): पद के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल, आरबीएस रावत, पूर्व आईएफएस अधिकारी -पूर्व चेयरमैन यूकेएसएसएससी : परीक्षा धांधली मामले में जेल, हरमिंदर सिंह बवेजा (उद्यान निदेशक): बागवानी विभाग में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं पर निलंबित, अमित जैन (वित्त नियंत्रक, आयुर्वेद विश्वविद्यालय): भ्रष्टाचार संबंधी आदेशों और वित्तीय नियमों की अवहेलना, भूपेंद्र कुमार (उप महाप्रबंधक वित्त, परिवहन निगम): रिश्वत लेने और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों में निलंबन, महिपाल सिंह (लेखपाल): रिश्वत मांगने के मामले में रंगे हाथ पकड़े गए। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मुकदमा, निधि यादव (पीसीएस अधिकारी): विभिन्न मामलों में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद विजिलेंस जांच शुरू की गई, रामदत्त मिश्र (उप निबंधक, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग): स्टांप शुल्क व भूमि पंजीकरण में अनियमितता, निलंबित, राज्य कर विभाग के अधिकारी वी.पी. सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह और यशपाल सिंह को भी निलंबित किया गया।

# जांच के दायरे से सेवानिवृत्त अधिकारी भी नहीं बचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश की धामी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ वर्तमान में कार्यरत ही नहीं, बल्कि सेवानिवृत्त अधिकारी भी जांच के दायरे में आएंगे यदि उन्होंने सेवा काल में कोई अनियमितता की हो। जिस प्रकार, कुशाल सिंह राणा और राजेंद्र डबराल (सेवानिवृत्त लेखपाल): जमीन कब्जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज हो चुका है। मृत्युंजय मिश्रा (पूर्व रजिस्ट्रार, आयुर्वेद विश्वविद्यालय): भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर जांच प्रक्रिया जारी है। और रजनीश कुमार पांडे (सीनियर गोदाम अधिकारी, जीबी पंत विश्वविद्यालय, पंतनगर) पर आय से अधिक संपत्ति मामले में केस दर्ज हुआ है।

■ भ्रष्टाचार पर छोटे ही नहीं, बड़े अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई: सीएम

**नकल माफिया पर हुई कड़ी कार्रवाई: मुख्यमंत्री**

राज्य में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसे मामलों को बेहद गंभीरता से लिया गया है। मुख्यमंत्री धामी की स्पष्ट मंशा है कि युवा पीढ़ी को साफ-सुथरा और निष्पक्ष अवसर मिले। अब तक 57 नकल माफिया जेल भेजे जा चुके हैं। 24 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। इससे यह संदेश गया है कि राज्य में कोई भी परीक्षा प्रणाली के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और प्रशासन में जवाबदेही सुनिश्चित करना। हाल के महीनों में सरकार ने यह दिखा दिया है कि अब सिर्फ छोटे कर्मचारियों पर नहीं, बल्कि बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी, चाहे उनका पद या प्रभाव कितना ही बड़ा क्यों न हो। पहले जिन अधिकारियों पर सवाल उठाने में लोग हिचकते थे, अब उनके खिलाफ भी कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी की ष्जीरो टॉलरेंसष नीति के तहत अब तक कई वरिष्ठ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों में कार्रवाई की गई है।

# जन कल्याण में सबसे अहम है आयुष्मान योजना: ह्यांकी

■ एसएचए के अध्यक्ष व निदेशक वित्त ने प्रशिक्षु एफओ को दी आयुष्मान योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड के सभागार में राज्य वित्त सेवा संवर्ग के प्रशिक्षु वित्त अधिकारियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजना व राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही योजना के वित्तीय पहलुओं पर भी रोशनी डाली गई।



कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह हयांकी ने सभी प्रशिक्षुओं पूरे सेवाकाल में सकारात्मक सोच, अनुशासन, समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ मानवीय पक्ष को आगे रखते हुए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जन जीवन से जुड़ी आयुष्मान को जन कल्याण की सबसे अहम योजना बताया और योजना में आने वाली अड़चनों, चुनौतियों व उनके निस्तारण के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कहा कि आयुष्मान में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए तक की सूचीबद्ध अस्पतालों में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है। प्राधिकरण द्वारा अस्पतालों की समय समय पर मॉनटिरिंग की जाती है। राज्य कर्मचारियों व पेंशनर को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षुओं से उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव भी साझा किए।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वित्त अभिषेक आनंद ने योजनाओं की कार्यप्रणाली, चिकित्सालयों में इंपैनलमेंट प्रक्रिया, उपचार, भुगतान की प्रक्रिया, पोर्टल निर्माण व अन्य गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ ही योजना की चुनौतियों, वित्तीय पक्ष की जटिलताओं व उनके समाधान की प्रक्रिया को प्रशिक्षुओं समक्ष रखा।उन्होंने बताया कि एनएचए की गाइडलाइन के अनुरूप योजना में लगभग 1900 मेडिकल पैकेज शामिल किए गए हैं। आम जनता की सहायता के लिए सभी सूचीबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान मित्र की तैनाती की गई है। अस्पतालों के दावों की जांच के लिए नेशनल एंटी फ्राड यूनिट व राज्य स्तर पर स्टेट एंटी फ्राड यूनिट कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षओं को योजना में पीपीडी (प्रीऑथराइजेशन प्रोसेसिंग डाक्टर), सीपीडी (क्लेम प्रोसेसिंग डाक्टर) के बारे में भी विस्तार से समझाया। आयुष्मान के साथ ही वय वंदना कार्ड, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के कैशलेस उपचार सुविधा के बारे में जानकारियां दी गई। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक प्रशासन डा विनोद टोलिया, अपर निदेशक प्रशासन निखिल त्यागी, पुनीत गुप्ता समेत प्रशिक्षु अधिकारी मयंक सक्सेना, आयुषी जोशी, राजीवकांत, सतीश चंद्र, ललित मोहन पांडे, आकाश रघुवंशी, दीपक जोशी आदि शामिल रहे।

## इंटर्नशिप कर रहे छात्रों व स्टॉफ को दिया मानसिक स्वास्थ्य परामर्श

**देहरादून ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी नेत्र चिकित्सालय में बीएएमएस इंटर्नशिप कर रहे छात्रों/ स्टॉफ/ एवं चिकित्सालय में आए हुए रोगियों को डॉ निशा सिंघला ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों से होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूक एवं आवश्यक परामर्श दिया । इस दौरान डॉ निशा सिंघला मनोचिकित्सक, डॉ अनिल आर्य वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ, सुभाष भट्ट, प्रवीण खत्री, रेखा द्रविड़, सुनीता रावत सिस्टर आदि मौजूद थे।

■ गांधी नेत्र चिकित्सालय में मनोचिकित्सक डॉ निशा सिंघला ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

Institute of Hotel Management Dehradun
(Under the aegis of Ministry of Tourism, Govt. of India)
Nimbuwala, Garhi Cantt., Dehradun-248 003
NCHMCT
Public Notice
Admission Open for the Academic Session 2025-26
(Affiliated to National Council for Hotel Management, Noida)
Diploma Programmes:
- Food Production
- Bakery & Confectionery
- Food Production & Patisserie
Other Programmes:
- B.Sc. HHA, Diploma in Food & Beverage Service/ Housekeeping Operations/ Front Office Operations, Certificate Programme in Professional Bartending



: 9520006160, 9520006158
Reservation of seats for SC/ST as per government norms.
: www.ihmddn.com
Principal
IHM Dehradun

## एक नजर

### गांवों में दिया कृषि नवाचार का संदेश

**पंतनगर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खटीमा ब्लॉक के दमगड़ा, नगरा तराई और गोसिकुआ गांवों में किसानों को वैज्ञानिक खेती, आधुनिक तकनीक और वैकल्पिक कृषि व्यवसायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेंद्र क्वात्रा, डा. अजय प्रभाकर, डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल, डा. मीना अग्निहोत्री, डा. स्वाति सिन्हा और अन्य विशेषज्ञों ने जैविक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, महिला उद्यमिता और सरकारी योजनाओं पर जानकारी साझा की।

### किसानों को फसलों के लिए नहीं मिल रहा पानी

**बागेश्वर।** पंपिंग सिंचाई योजना प्रभावित होने से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। नाराज किसानों ने जिला मुख्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पानी के अभाव में 800 नाली भूमि बंजर होने के कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। फटगली के ग्रामीण मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास के साथ जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने डीएम को अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि उनके गांव में सिंचाई के लिए लघु सिंचाई विभाग ने पंपिंग योजना बनाई थी, लेकिन दस साल से उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। पंप बदहाल हो गया है। इस समस्या से विभाग को कई बार बता दिया है, लेकिन आज तक सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। गांव की सिंचित भूमि सूख गई है। उनके गांव से तालड़ के लिए वृहद सिंचाई योजना बन रही है। जो उकने गांव से होकर जाएगी। उन्होंने इस योजना से उनके गांव को भी पानी देने की मांग की है। मांग करने वालों में ठाकुर सिंह, प्रेम सिंह, नर राम, विशाल सिंह, दीवान सिंह, नीमा देवी, बबीता देवी, पुष्पा, रेखा, मोहिनी आदि मौजूद रहे।

### प्रोत्साहन राशि न मिलने पर आक्रोश

**बागेश्वर।** कोविड काल के बाद निकाले गए कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने नौकरी तथा प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि यदि उनके साथ न्याय नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। मानदेय पर काम कर रहे कर्मचारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य निदेशक को ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कहा कि कोविड के दौरान उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में काम किया। जान को जोखिम में डाला। लोग घरों में थे वह पूर निष्ठा से कोराना के मरीजों की देखभाल कर रहे थे। राज्य कोरोना मुक्त हुआ। 15 मार्च 2023 को उनकी सेवा समाप्त कर दी। सभी कोविड उपनल कर्मियों का मार्च 2021 से मार्च 2022 तक मानदेय तथा प्रोत्साहन राशि का भुगतान वर्तमान नहीं हो सका है। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान हैं। पूर्व उपनल कर्मचारियों के नियुक्ति के बारे में शासनादेश भी आया है। बागेश्वर जिले में रिक्त पद हैं। सीएमओ से भी लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस अवसर पर संयज कनौजिया, पूजा कनौजिया, ऋतु कनौजिया, सीता देवी, ऊषा देवी, अमरू, दीपिका आदि मौजूद रहे।

### ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में ग्रामीण हुए मुखर

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत पगना के खोला तोक में नगर पालिका द्वारा ट्रंचिंग ग्राउंड बनाए जाने पर ग्रामीणों ने एक बार फिर विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने इसे न्याय संगत न बताते हुए तत्काल प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। वही मांग पूरी न होने पर आंदोलन व देव दरबार का रुख करने की चेतवानी दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे पगना, बेहरगांव, खोला, वकरमूना के ग्रामीणों ने ट्रचिंग ग्राउंड क्षेत्र में न खोले जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस भूमि का कूड़ा निस्तारण के लिए चयन हुआ है, वहां से 100 मीटर की दूरी पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय है। उसी के आस पास 10 अनुसूचित जाति के परिवार रहते है। चयन स्थल के ठीक नीचे सरयू नदी बहती है। मांग करने वालों में राकेश नेगी, सुनील कुमार, सज्जन लाल टम्टा, बीना नेगी मौजूद थे।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.82 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कटोराताल चौकी इंचार्ज विपुल चन्द्र जोशी हमराही कांस्टेबल प्रेम कनवाल, महेंद्र देवड़ी के साथ आज सुबह गश्त पर थे। गश्त के दौरान नौगजा मजार की पुलिया के पास एक संदिग्ध को शक के आधार पर पूछताछ के लिए रोका तो वह सकपका कर मजार की तरफ तेज कदमों से चलने लगा जिसे पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 4.82 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रतुपुरा, नाहरवाला थाना ठाकुरद्वारा निवासी मनोज कुमार पुत्र मदन सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** घर से बिना बताए एक किशोरी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम मिस्सरवाला निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीती 20 मई की प्रात: करीब 7 बजे जब वह सोकर उठा तो देखा कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी, जो बिना बताए कहीं चली गई। उसकी तमाम संभावित स्थानों व रिश्तेदारी में ढूंढने पर भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की है।

# योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक जरूर पहुंचाएं: डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने जिला कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पेंशन एवं छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभ प्राप्त कर रहे नागरिकों की आधार सीडिंग प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना चाहिए। आधार सीडिंग की प्रक्रिया को जन-केंद्रित, सरल और तकनीकी रूप से सहज बनाया जाए, जिससे सभी नागरिक, विशेष रूप से तकनीकी जानकारी से वंचित लाभार्थी, बिना कठिनाई के इस प्रक्रिया को पूर्ण कर सकें। आधार सीडिंग में शिक्षा विभाग की अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग को तत्काल अभियान चलाकर आधार सीडिंग पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

स्कूलों एवं कॉलेजों में कार्यशालाओं का आयोजन कर छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए तथा इसकी अनिवार्यता और प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि आधार सीडिंग केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं बल्कि पारदर्शिता, सुशासन और लाभार्थियों तक सीधी मदद पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। जिससे वास्तविक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में प्राप्त होता है। बैठक में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभागों, बैंकों, पंचायत स्तर के कर्मचारियों एवं सीएससी ऑपरेटरों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक आधार सीडिंग के अभाव में योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग लोगों की सुविधा के लिए अपने स्तर पर आधार सहायता काउंटर, जागरूकता अभियान एवं मोबाइल कैंपों के माध्यम से प्रक्रिया को सहज बनाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्या, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, ख्याली राम आर्या, खण्ड शिक्षा अधिकारी गरुड़ कमलेश्वरी मेहता, कपकोट चक्षुपति अवस्थी, उप शिक्षा अधिकारी अजीत कर्णवाल आदि उपस्थित थे।

### बाजपुर के चंद्र प्रकाश के रूप में हुई अज्ञात शव की शिनाख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** 31 मई को आईटीआई थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक बाजपुर का रहने वाला था और मथुरा के एफसीआई गोदाम में काम करता था। मृतक बाजपुर के वार्ड आठ निवासी 51 वर्षीय चंद्र प्रकाश पुत्र रामवीर निकाला। परिजनों ने बताया गया कि वह मथुरा के एफसीआई गोदाम में काम करता था। 31 मई को आईटीआई थाना क्षेत्र में बाजपुर रोड पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर उसे एंबुलेंस से राजकीय चिकित्सालय में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तब शव की शिनाख्त नहीं हुई थी। परिवार के मुताबिक वह आजकल छुटी पर घर आया था। काशीपुर कैसे पहुंचा, इसकी उनको जानकारी नहीं है। एसआई प्रकाश बिष्ट ने बताया कि मृतक काशीपुर कैसे और किस अवस्था में पहुंचा। उसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई होगी।

## डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी किया जाए

शाह टाइम्स संवाददाता



**अल्मोड़ा।** जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग फिर तेज हो गई है। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। मंगलवार को धरना स्थल पर समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को अनदेखा कर ही है। कहा कि डीडीए लागू होने से लोग परेशान हैं। लेकिन अब तक सरकार की तरफ से इस पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे जनता की परेशानी बढ़ते जा रही है। लोगों ने एक स्वर में शीघ्र डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। पार्षद हेम चंद्र तिवारी, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, तारा चंद्र साह, प्रतेश कुमार पांडे, रोबिन मनोज भंडारी, पीतांबर पांडे, पूरन रौतेला, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, प्रताप सत्याल, शहाबुद्दीन, निजाम कुरैशी, हेम चंद्र जोशी, भारत रत्न पांडे, हर्ष कनवाल आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर बैठे कर्मी

**बागेश्वर।** पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व सेवक संघ उत्तराखंड के बैनर तले कर्मचारी मांगों को लेकर दो दिवसीय पूर्ण कार्य बहिष्कार में बैठे। कर्मचारियों ने कहा कि अभी ये केवल सांकेतिक विरोध है, जरूरत पड़ने पर कर्मचारी आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे। तहसील परिसर में जिलाध्यक्ष जगदीश परिहार के अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्य बहिष्कार में बैठे कर्मियों ने कहा कि राजस्व पुलिस के कार्यों को नियमित पुलिस में हस्तांतरित किए जाने हेतु व अंश निर्धारण कार्य हेतु लैपटॉप, डाटा पैक, मानदेय दिए जाने के साथ कार्यों में हो रहे दबाव का विरोध किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल मेहता ने कहा कि सरकार द्वारा राजस्व पुलिस का कार्य रेगुलर पुलिस दिए जाने की अंतिम तिथि 31 मई घोषित की गई थी। लेकिन आज तक नहीं हों पाई है। वे सभी संसाधन विहिन है, उन्हें सरकार सभी संसाधन मुहैया करवाए। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष जगदीश परिहार ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें कई कार्य अतिरिक्त सौंप गए हैं, जो ऑनलाइन होने है। वे कार्य करने को तैयार है। लेकिन उन्हें सरकार संसाधन मुहैया कराए। मोबाइल फोन से वे कार्य करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा अभी वे दो दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे है। जरूरत पड़ने पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सचिव त्रिभुवन बोरा, सह सचिव मोहन भाकुनी, सुरेश राठौर, पूरन बर्मा, गौतम कनवाल, मंजू थापा, माधवी गोस्वामी, किशन, बसंत सहित अन्य मौजूद थे।

## राज्यपाल ने 'देवभूमि संवाद' का किया विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल में देवभूमि संवाद पत्रिका के नवीन अंक का विधिवत विमोचन किया। यह पत्रिका राजभवन उत्तराखंड की अर्द्धवार्षिक प्रकाशन है, जिसमें राज्यपाल की विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों, बैठकों, भाषणों और औपचारिक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाता है। विमोचन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 'देवभूमि संवाद' राजभवन की गतिविधियों के सुव्यवस्थित और सुसंगठित दस्तावेजीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास है। उन्होंने पत्रिका के संपादन



और प्रकाशन में जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों को निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। इस अंक का संपादन संयुक्त निदेशक सूचना डा. नितिन उपाध्याय द्वारा किया गया है, जबकि सह-संपादन अर्जुन पटवाल ने किया और सूचना अधिकारी अजनेश राणा ने प्रमुख सहयोगी की भूमिका निभाई। विमोचन समारोह में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर पारितोष बंगवाल सहित राजभवन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिता-पुत्रों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने पिता व उसके तीन पुत्रों समेत 6 लोगों पर घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता व उसके तीन पुत्रों समेत 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ढकिया नंबर 1 निवासी संतोष पुत्र शैलेन्द्र ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि बीती जून को हरीनगर निवासी बलवीर सिंह व उसके तीन पुत्र चीनू, परमजीत प्रदीप के अलावा ढकिया नंबर 1 निवासी सुनील पुत्र सूरज पाल, चंदन पुत्र गोहर सिंह घर में घुस आए और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 6 लोगो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

# नगर के चौराहों का सौंदर्यीकरण करने को मेयर ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत चौराहों के होने वाले सौंदर्यकरण को लेकर महापौर दीपक बाली ने जिला विकास प्राधिकरण के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। महापौर दीपक बाली जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन, अपर जिलाधिकारी एवं प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह, एआरटीओ पूजा नयाल, तहसीलदार पंकज चंदोला, लोक निर्माण विभाग के एई चेतन



भट्ट, एसएनए कमल मेहता, आर्किटेक्ट रितेश आदि की टीम सबसे पहले अनाज मंडी तिराहे पर पहुंची। यहां मंडी पुलिस चौकी को इस स्थान से स्थानांतरित कर इस चौक को भगवान महावीर चौक के रूप में भव्य ढंग से बनाया जाएगा और पुलिस चौकी सड़क की तरफ बनाई जाएगी। यहां के बाद इस टीम ने टांडा तिराहे पर बनने वाले चौधरी चरण सिंह चौक, महाराणा प्रताप चौक, चीमा चौराहे पर भगवान अग्रसेन चौक, स्टेडियम के पास ननकाना साहिब चौक, चैती तिराहा जसपुर खुर्द स्थित भगवान परशुराम चौक तथा बाजपुर रोड पर चैती चौराहे पर मां बाल सुंदरी चौक बनाए जाने का सर्वे किया गया। वहीं सेठी पेट्रोल पंप के पास द्रोणा सागर के सामने अहिल्याबाई होल्कर चौक बनाए जाने को लेकर भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पार्षद पुष्कर बिष्ट, अनिल कुमार, अशोक सैनी, प्रिंस बाली, भाजपा नेता रवि पाल आदि भी मौजूद रहे।

## कार्रवाई न होने पर फूंका पुलिस का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रेम दानू के हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पुलिस तथा अभाविप का पुतला दहन किया।

यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द हमलावर गिरफ्तार नहीं किए गए तो आंदोलन किया जाएगा। संगठन से जुड़े छात्र मंगलवार को बीडी पांडेय कैंपस में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओंने कहा कि बागेश्वर में कुछ दिन पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा एनएसयूआई की प्रेम दानू पर हमला करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं द्वारा हमला करने वाले एबीवीपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने अभी तक इस पर ना हो मुकदमा दर्ज किया है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रेम दानू पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो समस्त एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा उग्र आंदोलन किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस दबाव में काम नहीं कर रही है। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पंकज कुमार, राहुल बाराकोटी, नीरज जोशी, बसंत गोस्वामी, हरीश नेगी, मोनिका गढ़िया, लता बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# नेचर वॉक में जाने प्रकृति के रहस्य



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज द्वारा मंगलवार को आयोजित नेचर वॉक का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य आलोक साह तथा उनकी पत्नी गीता साह द्वारा विद्यालय प्रांगण से फ्लेग ऑफ कर किया गया। शहर के विभिन्न विद्यालयों के 200 छात्र तथा छात्राओं ने प्रकृति के रहस्य जानने के साथ-साथ मोबाइल फोटोग्राफी की एवं यात्रा वृतांत के लिए नेचर वॉक के दौरान प्राप्त अनुभवों को डायरी में लिखा। प्रख्यात वनस्पतिशास्त्री एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के पूर्व निदेशक डा. जीएस रावत द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न वनस्पतियों की जानकारी तथा प्रकृति के विषय में बताया जबकि पद्मश्री अनूप साह द्वारा छात्रों को विविध पर्यावरणीय जानकारी दी गयी।

इसके साथ ही कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. लालित तिवारी समेत नवीन पांडे व पर्यावरणविद् विनोद पांडे तथा प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण पर छात्रों को विविध जानकारी दी गयी।

एनटीएमसी नैनीताल द्वारा आर्टिफिशियल वॉल पर सोमनाथ डे, संदीप सिंह द्वारा वाल क्लाइंबिंग का प्रदर्शन तथा हरीश बिष्ट द्वारा रैपलिंग का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डा. एसएस बिष्ट, शैलेंद्र चौधरी, पर्यावरणविद विनोद पांडे, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत मनमोहन सिंह चिलवाल, पुष्पा दरम्वाल, ईशा साह, डा. अनिल बिष्ट, अक्षोभ सिंह, अंजू जगाती, मनोज साह, प्रांजल साह, सिद्धार्थ साह, राजेश साह, गणेश दत्त लोहनी, रितेश साह, पूनम दोहान तथा ललित सिंह जीना आदि उपस्थित थे।

## बाबा फुलसंदे वालों का तीन दिवसीय सत्संग शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह के प्रथम दिन काशीपुर पहुंचने पर सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का भव्य स्वागत किया गया। रामनगर रोड स्थित रामलीला हॉल में एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा-कि चित्त सदा चंचल है इसमें बहुत से विकार आते रहते हैं इसमें ज्ञान क्षण भर को ठहरता है, इसमें ज्ञान ज्योति को रोक कर रखना कठिन है और इसका निवारण करना भी दुष्कर है। ऐसे चित्त को ज्ञानी पुरुष उसी प्रकार सीधा करता है जैसे बाण बनाने वाला लोहार यत्न पूर्वक बाण को आग में तपा कर



छेद कर अनेक प्रयास करके उसे ठीक करता है। सत्संग के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार मिश्रा, ऋषिपाल सिंह बैरागी, राजीव लाठी, विजेंद्र पाल सिंह, मनोज चौधरी, राजेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी, हरिदास शर्मा, हरी राज शर्मा, संध्या मिश्रा, कुसुम राठी, शशि चौधरी, कंचन पुष्कर, पायल त्यागी सहित सैंकड़ों सत्संगी एवं धर्म प्रेमीजन मौजूद रहे। सत्संग दोपहर 1 से 3 बजे तक गुरूवार तक होगा।

## एमबीपीजी हल्द्वानी बना ओवरऑल चैंपियन, नैनीताल रहा उपविजेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में 1 जून को कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ट्रैकिंग एवं फिटनेस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में खेले गए विभिन्न खेलों में एमबीपीजी हल्द्वानी ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि डीएसबी केंपस नैनीताल उप विजेता रही। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर महेंद्र सिंह राणा ने ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र एवं अन्य पारितोषिक देकर सम्मानित



किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने विजेता एवं उप विजेता टीम को शुभकामनाएं दी एवं प्रोफेसर महेंद्र सिंह राणा का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र पाल, संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल सहित समस्त टीम मैनेजर कोचस क्रमश: राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन सिंह बसेड़ा, लोकेश पांडे, जया पांडे, श्वेता भाकुनी, एवं काशिश शर्मा सहित समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## जलभराब से निजात दिलाने को गैबिया नाले की तलीझाड़ सफाई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** बरसात के दिनों में गैबिया नाला जो सफाई न होने के कारण नगरवासियों के लिए हमेशा बहुत बड़ा सिर दर्द बन जाता था, महापौर दीपक बाली ने इस नाले से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसकी तली झाड़ सफाई का



कार्य शुरू करा दिया है। गैबिया नाला एसआरएफ फैक्ट्री की ओर से गड्ढा कॉलोनी, मानपुर रोड, प्रभु विहार आदि अनेक कॉलोनियों के बीच से होकर गंगे बाबा के पास से होकर जाता है। इस नाले की सफाई की मांग तो लोगों ने बहुत उठाई मगर कभी किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसकी सफाई की ओर ध्यान ही नहीं दिया। इस नाले पर भयंकर अतिक्रमण भी हो चुका है, जिसके चलते कई जगह तो यह नाला नाली जैसा दिखाई देता है और पानी की निकासी नहीं हो पाती। इसके इर्द-गिर्द बसी कॉलोनियों में बरसात के दिनों में लोगों के घरों में कई-कई फुट पानी भर जाता है। महापौर ने बताया कि 15 दिन के भीतर इस पूरे नाले की सफाई कर दी जाएगी जिस कारण आने वाली बरसात से लोगों को जल भराव की समस्या से निजात मिल सके।

# निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान दें

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने मंगलवार को समीक्षा की। सभी निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया कि ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा ताकुला ब्लॉक के बिजोरिया स्वास्थ्य उपकेंद्र में पब्लिक



हेल्थ यूनिट के निर्माण, जिला चिकित्सालय में डिस्ट्रिक्ट आईपीएचएल लैब के निर्माण, उत्तराखंड कृषि उत्पादक विपणन बोर्ड द्वारा लमगड़ा में चिकित्साधिकारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण तथा ब्रिटकुल द्वारा मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण कार्य शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण की गति बढ़ाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सभी कार्यदायी संस्थाओं ने पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने कार्यों की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में सीएमओ डा. आरसी पंत समेत अन्य मौजूद रहे।

### महिला का पर्स छीनकर भाग रहे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** एक महिला का पर्स छीनकर भाग रहे एक युवक को एक रिसॉर्ट के दो गार्डो ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को दी तहरीर में लखीमपुर खीरी रोडवेज बस सटैंड के पास निवासी नीतू माथुर पत्नी आलोक कुमार माथुर ने बताया कि वह यहां अपने मायके स्टेडियम के पास आई थी। बीते कल सोमवार की शाम करीब 4.40 बजे वह अपनी मानपुर रोड स्थित छोटी बहन के घर से अपने मायके वापस जा रही, तभी पीछे से आया बाइक सवार एक युवक उसका पर्स छीनकर भाग गया, शोर माचने पर व उसका पीछा करने पर वह एक रिसॉर्ट में घुस गया। जहां से उसे रिसॉर्ट के दो गार्डो ने पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है।

## स्व. बिशनी देवी साह के नाम पर हो नवनिर्मित पार्किंग स्थल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** साह-चौधरी समाज से जुड़े लोगों ने मंगलवार को नगर निगम महापौर अजय वर्मा से मुलाकात की।



नगर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे लोगों ने नगर में नवनिर्मित पार्किंग स्थलों में से एक का नाम राज्य की पहली महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिशनी देवी साह के नाम पर रखे जाने की मांग की। कहा कि नगर की मुख्य बाजार में दो पहिया वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि मुख्य बाजार में निवास करने वाले लोगों के वाहनों का पास बना दिया जाए। वहीं, बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष दीप लाल साह, विनीता साह, सज्जन चौधरी, अनूप लाल साह, निरजन साह, दीप लाल साह, प्रभात लाल साह, सुदर्शन लाल साह, सुंदर लाल चौधरी, सिद्धार्थ साह सुमित साह, बृजेश लाल साह आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर का शव टांडा जंगल में मिला

## मौके पर से ज़हर की शीशी बरामद, हत्या–आत्महत्या की जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक प्रॉपर्टी डीलर की लाश टांडा जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पुलिस ने शव के पास से जहर की बोतल बरामद हुई। जबकि मृतक प्रॉपर्टी डीलर का मुंह काला पड़ चुका था। हालांकि यह कहना स्पष्ट नहीं होगा कि जहर प्रॉपर्टी डीलर ने खुद पिया या फिर पिलाया गया। माना जा रहा कि उनका कई लोगों से लेन-देन था। ऐसे में पुलिस हत्या के एंगल पर भी जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से जुगानोली चौखुटिया, अल्मोड़ा निवासी (45) कौशल सती पुत्र स्व. गोविंद बल्लभ सती पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे। वह यहां जज फार्म में किराए पर अपनी



पत्नी व इकलौते बेटे के साथ रहते थे। बताया जा रहा कि कुछ दिन पहले उनकी पत्नी एक समारोह में शामिल होने के लिए चौखुटिया गईं थीं और घर में पति और बेटा ही थे। बताया जाता है कि रोज की तरह बीते सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे कौशल घर से काम के लिए निकले थे, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं आए। घर पर बेटा रात भर अकेला पिता का इंतजार करता। मंगलवार सुबह बेटे ने पिता के दोस्तों को फोन किया और बताया कि पिता रात से घर नहीं लौटे। जिसके बाद बेटा, पिता के मोबाइल डिवाइस की मदद से टांडा जंगल पहुंच गया। यहां हल्द्वानी-रुद्रपुर रोड पर एस मोड़ के पास लोगों की भीड़ लगी थी। सड़क किनारे पिता की स्कूटी खड़ी थी और जब वह जंगल में करीब 50 मीटर अंदर पहुंचे तो कौशल की पड़ी पाई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार यादव टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। शव का चेहरा काला पड़ चुका था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटना स्थल पर एक पानी की बोतल बरामद की गई है, जिससे कीटनाशक की बदबू आ रही है। यह कहना अभी मुश्किल है कि यह हत्या है या फिर आत्महत्या। फिलहाल, पुलिस हल्द्वानी से घटना स्थल की ओर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इधर, की सूचना मिलते ही कौशल की पत्नी भी चौखुटिया से कुछ लोगों के साथ हल्द्वानी पहुंच गई। पति का शव देखते ही वह बेसब्र हो गई और फूट कर रोने लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोपहर बाद पोस्टमार्टम हुआ और शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## रोडवेज डिपो में मिला पीलीभीत के युवक का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज डिपो परिसर में सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त जहानाबाद पीलीभीत निवासी 38 वर्षीय गंगा सागर पुत्र झम्मन लाल के रूप में की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि गंगा सागर हल्द्वानी में रहकर मजदूरी करता था। सोमवार को वह रोडवेज स्टेशन पर बेसुध मिला था। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय ले जाने पर चिकित्सकों उसे ने मृत घोषित कर दिया था। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## लापता छात्र बरामद

**हल्द्वानी।** रिजल्ट के दबाव में 10वीं का छात्र रिजल्ट आने से पहले ही फरार हो गया। परिवार और पुलिस पिछले 20 दिन से उसे तलाश रहे थे और अब वो हल्द्वानी से 1525 किमी दूर महाराष्ट्र में मिला। पुलिस ने उसे सकुशल एक व्यक्ति के घर से बरामद कर लिया है। अंबा विहार तल्ली हल्द्वानी निवासी एक किशोर 10वीं का छात्र था और 12 मई को वह लापता हो गया। उसका 10वीं का परिणाम आने वाला था। परिवार और पुलिस ने उसे भरसक खोजा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया गया। सीसीटीवी खंगाले गए और किशोर के स्विच ऑफ मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया। बीते दिनों मोबाइल ऑन हुआ तो पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर ली। प्रिंस महाराष्ट्र के शोलापुर में था। आनन-फानन में एक टीम यहां से रवाना हुई और उसे बरामद कर लिया। यहां वह एक व्यक्ति के घर पर रह रहा था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह परिवार से नाराज होकर चला गया था। परिवार उससे 10वीं के परीक्षा परिणाम में अधिक नंबर की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उसके नंबर कम थे।

# शराब के नशे में मचाया हुड़दंग हरियाणा के 6 युवकों का चालान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मौज-मस्ती के लिए हरियाणा से नैनीताल पहुंचे शराबी पर्यटकों ने रात नैनीताल रोड पर राहगीरों की जान सांसत में डाल दी। बिना नंबर की थार बेतरतीब तरीके से नैनीताल रोड के चक्कर काटती और लोगों को डराती रही। शराबी पुलिस के हत्थे चढ़े तो पल भर में नशा काफूर हो गया और शराबी गिड़गिड़ाने लगे। पुलिस ने सभी को हवालात दिखाई और माफी मांगने पर चालान कर उन्हें छोड़ा। कोतवाल राजेश कुमार यादव के मुताबिक, सोमवार रात सूचना आई थी कि बिना नंबर की थार में सवार कुछ लोग हुड़दंग कर रहे हैं। वह तेज रफ्तार में नैनीताल रोड के चक्कर काट रहे हैं और इससे राहगीरों की जान खतरे में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने आरोपियों को जजी के पास तब पकड़ लिया, जब वह हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। पुलिस थार सवार चोरों लोगों को थाने ले आई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र हरियाणा के रहने वाले हैं और नैनीताल घूमने आए थे। पुलिस ने एक्कोमीटर से जांच की तो सभी को नशे पाया। पुलिस के सख्ती दिखाने पर सभी गिड़गिड़ाने और छोड़ देने की गुहार लगाने लगे। जिसके बाद पुलिस ने चालान किया और चेतावनी देते हुए सभी को छोड़ दिया।

# पूर्णाहुति के साथ कथा को विराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा रामणी जसुवा कालिका कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन यज्ञ पूर्णाहुति और भंडारे के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति पूजन और सर्वदेव पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इस मौके पर हरिदत्त भट्ट, भुवन चंद्र जोशी, लीलाधर जोशी, बलवंत सिंह भोज, अभिषेक द्विवेदी, भास्कर पडलिया, गोपाल सिंह रजवार, घनश्याम गुर्रानी, नंदकिशोर मठपाल और केवलानंद भट्ट समेत अनेक श्रद्धालुओं ने जजमान के रूप में पूर्णाहुति दी। पूजन कार्य पंडित लोकेश जोशी और पंडित रूपेश जोशी सहित विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान



कथा व्यास गिरीशानंद ने कथा के अंतिम दिन भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीवन सत्य के मार्ग पर अग्रसर होता है। यह मनुष्य को सत्कर्म और प्रभुभक्ति की दिशा में प्रेरित करती है। जब मन प्रभु के चरणों से जुड़ता है तो उसे किसी सांसारिक व्यक्ति के चरणों में झुकने की आवश्यकता नहीं रहती। कार्यक्रम की सफलता पर ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली ने समस्त धर्मप्रेमी जनता का आभार जताते हुए कहा कि यह ट्रस्ट द्वारा आयोजित आठवीं कथा थी, जो आप सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर हेम पंत, हर्ष वर्द्धन पांडे, प्रकाश जोशी, शंकर रूवाली, पारस रूवाली, भरत गुणवंत आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाएंः हल्द्वानी को मिली बड़ी सौगात

## मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने की तीन प्रमुख स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने मंगलवार को हल्द्वानी पहुंची और तीन प्रमुख स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इनमें 50 शैय्या युक्त मातृ एवं शिशु विंग, 200 बेड का मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल (मोतीनगर) और 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजाइन और समयसीमा को लेकर कार्यदायी एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन



परियोजनाओं का उद्देश्य जनता को गुणवत्तापूर्ण और समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना है। महिला चिकित्सालय परिसर में बन रहे 50 शैय्या युक्त मातृ एवं शिशु विंग का निरीक्षण करते हुए स्वाति भदौरिया ने पेयजल निगम और चिकित्सा विभाग को आपसी समन्वय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन में वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, शौचालय, बिजली व पानी की आपूर्ति जैसी सभी सुविधाएं उपयोगकर्ता के अनुकूल और आधुनिक मानकों पर आधारित हों। तृतीय पक्ष गुणवत्ता नियंत्रण एजेंसी को निर्माण सामग्री की जांच रिपोर्ट समयबद्ध रूप से राज्य मुख्यालय व सीएमओ कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। 200 बेड के इस अस्पताल को एक माह के भीतर पूर्ण कर विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक ने निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ाने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने पर विशेष बल दिया। इस परियोजना को क्षेत्र में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का नया केंद्र बताया गया। गंभीर रोगियों और आपात चिकित्सीय स्थितियों के लिए बन रहे 50 बेड के इस ब्लाक को मिशन निदेशक ने शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बिड़कुल कंस्ट्रक्शन एजेंसी को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत, अपर सीएमओ डा. कुमोद पंत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. कांता किरण, चिकित्सा अधिकारी डा. पवन द्विवेदी, एनएचएम के सहायक अभियंता सीएम तिवारी, पेयजल निगम के अभियंता देवेंद्र नैलवाल, बिड़कुल एजेंसी के आकाश भट्ट व अन्य तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।

# बकरीद आपसी भाईचारे के साथ मनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को कोतवाली सभागार में मंगलवार को हुई पीस

**सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे**

कमेटी की बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एसपी सिटी ने लोगों से अपील की कि वह आपसी भाईचारे के साथ उत्सव मनाएं। सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखें, साथ ही पुलिस ने सख्त हिदायत दी है कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। त्योहार के दौरान पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखेगी। धार्मिक आयोजनों के



दौरान पुलिस बल तैनात रहेगा। अराजक तत्वों पर नकेल कसी जाएगी। धार्मिक अनुयायियों से अपील की गई कि जुम्मे की नमाज मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाए, न कि बाहर सड़क पर। कोई भी व्यक्ति जानबूझकर किसी भी धर्म का अपमान नहीं करेगा। यदि ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी धार्मिक अनुयायियों और कमेटी सदस्यों से अपील की वें सभी धर्म का आदर करते हुए सम्मान से त्योहार मनाए और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। प्रशासन ने जो कुर्बानी स्थल चिह्नित किए हैं, वहीं कुर्बानी करें और खुले में कुर्बानी कतई न की जाए। धार्मिक आयोजनों के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम सभी प्लेटफार्म की मॉनिटरिंग करेगी। ऐसे भ्रामक सूचना प्रचारित-प्रसारित करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में गश्त, पिकेट लगाएंगे और बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस बल नियुक्त करेंगे। बैठक में सीओ सिटी नितिन लोहनी, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, कोतवाल राजेश कुमार यादव, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, जल संस्थान, विद्युत विभाग, नगर निगम, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधि, धार्मिक अनुयायी, अभिसूचना इकाई के लोग उपस्थित रहे।

## जल के महत्व पर जोर

**अल्मोड़ा।** हवालबाग विकासखंड सभागार में जल संरक्षण अभियान के तहत जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जल के महत्व और उसके संरक्षण को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर जलागम विशेषज्ञों ने जल बचाने, पौधारोपण करने, स्वच्छता और जल संग्रहण, जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। कहा कि जल का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा विशेषज्ञों ने विभाग की ओर से तैयार किए गए भागीरथ एप के बारे में जानकारी दी। एप के माध्यम से जल स्रोतों के सर्वे के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया। यहां कृषि विशेषज्ञ जलागम प्रभाग धीरज सिंह, खंड विकास अधिकारी सुंदर सिंह दरियाल, गणेश चंद्र पांडे, पंकज मेहरा, ग्राम विकास अधिकारी उमापति पांडे आदि मौजूद रहे।

# होमगार्ड को दिया फायर फाइटिंग प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को प्रांतीय रक्षा दल (होमगार्ड) के जवानों एवं महिला कर्मियों को हल्द्वानी अग्निशमन केंद्र में फायर फाइटिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण एफएसओ हल्द्वानी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य जवानों की अग्नि सुरक्षा संबंधी दक्षता को बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, अग्निशमन यंत्रों के संचालन, हौज फैलाने और लपेटने की विधि, तथा वनाग्नि से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार



की आग और उनसे निपटने के व्यावहारिक तरीकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में 2 जून को 12 जवानों और 3 जून को 22 जवानों ने प्रतिभाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और समर्पण के साथ अभ्यास किया और अग्निशमन तकनीकों को बारीकी से सीखा। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से प्रांतीय रक्षा दल की आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया देने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्नि दुर्घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन में मदद मिलेगी।

# मृतक की पत्नी को मिले नौकरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता तिवारी नगर निवासी यूपीसीएल के लाइनमैन सुनील सिंह दानू की हाईटेंशन लाइन में कार्य के



दौरान करंट लगने से हुई मौत को लेकर भारी जनाक्रोश सामने आया है। सुनील सिंह ने प्रॉपर शटडाउन लेकर कार्य शुरू किया था, बावजूद इसके करंट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना ने यूपीसीएल की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण जनता के साथ मिलकर लालकुआं स्थित यूपीसीएल उपखंड कार्यालय पहुंचा और एसडीओ से मुलाकात कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। पार्टी के नैनीताल जिला सचिव डा.कैलाश पाण्डेय ने यूपीसीएल को हादसे का पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि शटडाउन लेने के बाद भी करंट लगना इस बात का प्रमाण है कि विभाग की कार्यशैली लापरवाह और असुरक्षित है। उन्होंने यह भी मांग की कि लाइनमैन की मौत पर दिया जाने वाला वर्तमान मुआवजा 4 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाए। किसान महासभा के नेता किशन बघरी ने बताया कि बिंदुखत्ता क्षेत्र में इस तरह की यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। इससे पहले भी दो घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें एक व्यक्ति की मौत और एक अपाहिज हो चुका है। उन्होंने लाइनमैन की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर डा. कैलाश पाण्डेय, किशन बघरी, पुष्कर दुबड़िया, धीरज कुमार, विशाल सिंह गौतम मौजूद रहे।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती 7 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** गौतम नगर स्थित चौहान सभा भवन में चौहान सभा समिति की बैठक हुई, जिसमें गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 7 जून को वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती मनाई जाने का निर्णय सर्व समिति से लिया गया। जयंती पर काशीपुर विधानसभा क्षेत्र के पढ़ने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। जिन्होंने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 80 प्रतिशत या अधिक अंकों से उत्तीर्ण की है। राज्य राष्ट्रीय स्तर की कोई प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण की, राज्य राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में पुरस्कृत है, साहित्य या विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त की है। चौहान सभा के सभी ऐसे छात्राएं समिति के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार चौहान, प्रधान सचिव योगेंद्र कुमार सिंह से संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं।

# श्रीकृष्ण लोकगाथा पर डा. बसंती बिष्ट ने दी प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में मंगलवार को आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित

**लोक संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर**

प्रख्यात जागर गायिका डा. बसंती बिष्ट ने श्रीकृष्ण की लोकगाथाओं पर आधारित व्याख्यान व जागर प्रस्तुति दी। उन्होंने श्रीकृष्ण के अलौकिक चरित्र को उत्तराखंड की मौखिक परंपराओं के माध्यम से जीवंत करते हुए कहा कि जागर लोक संस्कृति का न केवल संवाहक है, बल्कि समस्याओं के समाधान और सकारात्मक सोच का भी कारक है। कार्यक्रम में डा. बसंती बिष्ट ने




नृत्य-नाटिका, गाथा गायन और शब्दों की प्रस्तुति के माध्यम से श्रीकृष्ण के विविध पक्षों को लोक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की गाथा लिखित नहीं, बल्कि मौखिक विरासत का हिस्सा है और इसके रहस्यों पर शोध की आवश्यकता है। इस अवसर पर रंजीत सिंह बिष्ट ने हुड़का, डा. हिमांशु ने ढोलक, जबकि लाता कुंजवाल, लक्ष्मी देवी और हेमा बिष्ट ने गायन में सहयोग देकर प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें प्राचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, पवन पहाड़ी, दयाल पांडे सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. प्रवीन्द्र रौतेला ने लोक संस्कृति के संवर्धन में डा. बसंती बिष्ट के योगदान को अद्वितीय बताया। यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम का संयोजन क्रिएटिव उत्तराखंड म्योर पहाड़ और सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने किया। इस अवसर पर दयाल पांडे, प्रधुम्न बिष्ट, एससी मिश्रा, कात्यायन रौतेला, प्रदीप मित्रा, महेश जोशी, मोहन जोशी, त्रिभुवन जोशी, सहित कई बुद्धिजीवी, कलाकार, अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे। डा. बसंती बिष्ट की यह प्रस्तुति आगामी 6 जून को डीडीहाट में 'किताब कौतिक' में भी प्रस्तुत की जाएगी। इससे पहले वह पिथौरागढ़ सहित कई शहरों में कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुकी हैं।

# कोल्ट्स, जीएनजी और डीके स्पोर्ट्स विजयी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग का पहला मुकाबला मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना में जीएनजी और एकलव्य क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 21वें ओवर में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 156 रनों से मैच हार गई। जीएनजी के गेंदबाज वैभव नेगी मैन ऑफ-द मैच चुने गए। दूसरा मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एचसीसी के बीच खेला गया। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस



जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाएं। टीम के लिए कार्तिक रावत ने शानदार 155 रनों की नाबाद पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की पूरी टीम 26वें ओवर में 43 रन में ही ऑलआउट हो गई, और 266 रनों से मैच हार गई। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज कार्तिक रावत को मैन ऑफ-द मैच दिया गया। तीसरा मुकाबला कॉर्बेट ग्राउंड चकलुवा में डीके स्पोर्ट्स और वेंडी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 368 रन बनाए। 368 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी वेंडी क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 38वें ओवर में 78 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 290 रनों से मैच हार गई। मैन ऑफ-द मैच के लिए राकेश बिष्ट चुने गए। मैचों में अंपायर की भूमिका में हिमांशु चतुर्वेदी, विनय जोशी, गौरव नेगी, नरू कन्याल, भूपेंद्र सिंह, सत्यम पटेल जबकि स्कोर हरप्रीत सिंह, नीरज पनेरु और राहुल बोरा रहे।

## शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा और होमात्मक महारुद्र यज्ञ शुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर सौनी में श्रीमद् शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा एवं होमात्मक महारुद्र यज्ञ शुरू हो गई है। मंगलवार को कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने शिरकत की। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मंदिर के महंत गोवर्धन गिरी महाराज से मुलाकात की। श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। शाम करीब 05 बजे उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हर साल बिनसर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन और महारुद्र यज्ञ का आयोजन होता है।

# गंगा दशहरा पर्व कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गंगा मैया में जब तक पानी बहे, मेरे सजना तेरी जिन्दगानी रहे... जैसी भावनाएं भारतीय संस्कृति में मां गंगा के प्रति गहरे श्रद्धा भाव को दर्शाती हैं।

सनातन धर्म में मां गंगा का विशेष स्थान है, और हर शुभ कार्य में उनकी उपस्थिति को अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसी श्रद्धा और आस्था के साथ गंगा दशहरा, जो मां गंगा के धरती पर अवतरण का पर्व है, इस वर्ष 5 जून गुरुवार को मनाया जाएगा। यह पर्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा राजा भगीरथ के तप और प्रयासों से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष गंगा दशहरा पर सिद्ध योग, रवि योग और हस्त नक्षत्र जैसे विशेष संयोग बन रहे हैं, जो गंगा स्नान, पूजन और दान को अत्यंत फलदायक बनाएंगे। जो श्रद्धालु किसी कारणवश तीर्थ या गंगा नदी तक नहीं जा सकते, वे घर में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं और भगवान शिव एवं मां गंगा का पूजन कर सकते हैं। साथ ही अपनी क्षमता अनुसार जल, छाता, चप्पल, मौसमी फल आदि का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जो श्रद्धालु गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करने जाते हैं, उन्हें दस बार डुबकी लगाकर स्नान करना चाहिए। वार्ष्णेय ने यह भी अपील की कि गंगा में किसी भी प्रकार की गंदगी या अपवित्र वस्तु न डालें, क्योंकि इससे मां गंगा रूष्ट हो सकती हैं और नकारात्मक फल प्राप्त हो सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अलग-अलग जगह दो ने लगाई फांसी

- शक्तिफार्म में फंदे से लटकी मिली विवाहिता, आत्महत्या की आशंका
- कमरे में कुंडे पर लटका मिला हाइड्रा चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज/किच्छा।** शक्तिफार्म के ग्राम गोविंदनगर, पड़ागांव में सोमवार की देर रात्रि विवाहिता संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया। सोमवार की रात्रि करीब नौ बजे पुलिस को ज्योति सरकार पत्नी सचिन सरकार निवासी गोविंदनगर पड़ागांव शक्तिफार्म के फंदे में लटककर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ज्योति कमरे के अंदर पंखे में दुपट्टे का फंदा डालकर लटकी हुई थी। ज्योति को अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी ने शव का पंचनामा भरा। ज्योति का विवाह सचिन सरकार से वर्ष 2020 हुआ था।

ज्योति का चार वर्ष का बेटा है। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण साफ होगा। किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**किच्छा के** ग्राम भंगा में हाइड्रा चालक का शव घर के कमरे में कुंडे पर लटका मिला।

घटना का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। 45 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम भंगा पुलभट्टा हाइड्रा का चालक था। मंगलवार सुबह धर्मेंद्र घर के कमरे में छत के कुंडे से गमछे की मदद से लटका मिला। आनन-फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिछले कुछ दिनों से धर्मेंद्र किसी बात को लेकर आहत था। बेटी अंजलि ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसकी मां सुमन देवी व बहन भाई घर के बाहर थे।

इसी दौरान पिता धर्मेंद्र ने कमरे के दरवाजे की कुंडी लगा कर आत्महत्या कर ली। धर्मेंद्र के परिवार में पत्नी सुमन देवी, तीन पुत्रियां व एक पुत्र है। दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। सूचना पर पुलभट्टा थाना इंचार्ज प्रदीप मिश्रा मौके पर पहुंचे। पुलभट्टा थाना इंचार्ज प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिर्पोट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# डी फार्मा का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा ग्राम बिचपुरी स्थित विद्या ज्योति कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का डी. फार्मा का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें द्वितीय वर्ष की अंजूबाला 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, केशव सिंह 82 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व मनतसा 81 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रही। प्रथम वर्ष में हार्दिक गोयल 80 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, मलिका सिंह 79.62 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व राजवीर कौर 78.38 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहे।

विद्या ज्योति कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के प्रबंधक वर्ग द्वारा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

- डम्पर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की जान गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सोमवार रात को पूर्णागिरी के दर्शन को जा रहे श्रद्धालु की बाइक हाईवे पर बैठे पशु से टकरा गई। जिस कारण बाइक सवार युवक की मौत हो गई और दूसरा सवार घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर निवासी 21 वर्षीय अमन गंगवार पुत्र राजीव गंगवार साथी शुभम पुत्र प्रमोद निवासी ट्रांजिट कैंप, शुभम रस्तोगी पुत्र प्रमोद रस्तोगी के साथ बाइक से पूर्णागिरी के दर्शन को निकले थे। देर रात पहेनिया-कुटरी हाईवे बाईपास पर बैठे पशु से उनकी बाइक टकरा गई।

हादसे में अमन और शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी। एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। अमन घर का इकलौता था और अविवाहित था। वह रुद्रपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के पिता प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। अमन का परिवार मूल रूप से बीसलपुर यूपी के अकबराबाद का रहने वाला है।

**वहीं** मंगलवार को आलावृर्दी निवासी मोहन चंद (64) पुत्र धनी चंद अपनी पत्नी देवकी देवी (58) के साथ स्कूटी से सैलानीगोठ टनकपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी बीच जब वह बिचपुरी गांव में पहुंचे थे। इसी दौरान बिचपुरी तीव्र मोड़ पर सामने से आ रहे तेज गति से मिट्टी से भरे डंपर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक काफी दूर तक स्कूटी सवार दंपत्ति को घसीटता हुआ ले गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व 108 को दी। सूचना पर पहुंची आपातकालीन सेवा 108 ने घायल दंपत्ति को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने देवकी देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल मोहन चंद का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरने की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर

# पेयजल की समस्या को लेकर कनिष्ठ अभियंता से मिले भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पेयजल की पाइप लाइन लीकेज होने के कारण सड़क पर दौड़ रहे पानी एवं बड़ी टंकी से जुड़ी पेयजल से लाइनों से घरों में गंदा पानी की आपूर्ति की समस्या को लेकर पूर्व भाजपा मंडल ने जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता से भेंट कर समाधान का आग्रह किया।



पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक राय एवं युवा समाजसेवी विशाल शर्मा ने उक्त समस्याओं को लेकर जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता मो0 आसिम से मुलाकात कर अवगत कराया की विभाग की लापरवाही के चलते पेयजल सड़कों पर बह रहा है तथा बड़ी टंकी से आपूर्ति होने वाली पेयजल लाइनो से दूषित पानी की सप्लाई घरों में हो रही है। जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता मो आसिम ने बताया गया कि विभाग का एक ट्यूबबैल खराब होने के कारण पानी गन्दा होने की समस्या आयी है जिसको कर्मियों द्वारा ठीक किया जा रहा है साथ ही लिंकेज ठीक करने के लिए नगर पालिका की एक स्ट्रीट लाइट का पोल होने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है, जल विभाग द्वारा नगर पालिका को पोल हटाने के लिए कहा गया है तथा पोल हटते ही लिंकेज को भी ठीक कर दिया जाएगा।

# पेपर मिल के पास खड़े कंटेनर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रकाश पेपर मिल के पास खड़े एक कंटेनर नंबर NL01AD9867 में अचानक आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। कंटेनर से धुआं निकलने की सूचना पर तत्काल फायर सर्विस की टीम, उपनिरीक्षक मय भ्च्3 व चीता मोबाइल यूनिट के साथ मौके पर पहुंची। जहां पाया गया कि कंटेनर में आग लग चुकी थी। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने कंटेनर को पेपर मिल परिसर से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया और फायर सर्विस की मदद से आग पर काबू पाया गया।



**फायर सर्विस ने पाया आग पर काबू**

कंटेनर के चालक सतीश पुत्र कल्याण सिंह, निवासी बरेली ने बताया कि वह लखनऊ से गत्ता लेकर बाजपुर प्रकाश पेपर मिल पहुंचा था और वाहन खड़ा कर रात को सो गया था। सुबह उठने पर कंटेनर से धुआं निकलता देखा, जिसकी तुरंत सूचना दी गई। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और शांति व्यवस्था बनी हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

# कोतवाल बनने पर जोशी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर के विभिन्न धार्मिक राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने बुधवार को खटीमा कोतवाली में तैनात एसएसआई विनोद कुमार जोशी के प्रोन्नत होकर कोतवाल बनने पर बधाई दी एवं माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया।



उत्तराखंड में 2007 कैडर के सत्तावन दरोगाओं को प्रोन्नत कर कोतवाल बनाया गया है। जिसमें उधम सिंह नगर जिले के पांच दरोगा भी शामिल है। इसी क्रम में खटीमा कोतवाली में तैनात दरोगा विनोद कुमार जोशी का भी प्रमोशन हुआ है। अपने मिलनसार व्यवहार एवं जनता के बीच लोकप्रिय 2007 कैडर के विनोद कुमार जोशी को प्रोन्नति प्राप्त हुई है जिससे क्षेत्र की जनता ने आज उनसे मिलकर उनके प्रमोशन की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा,प्रशासक कामिल खान, गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा, भाजपा नेता राजेश बाटला, हाफिजुर रहमान व्यापारी सरदार अमरजीत सिंह, अभिभावक संघ के अध्यक्ष नीरज रस्तोगी, जफर खान विजय, गुप्ता तरुण, ठाकुर सभासद प्रकाश शर्मा, एडवोकेट रमन सेठी तथा प्रेम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# होम्योपैथिक शिविर किया गया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं डा जेएल फिरमाल और जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर एक धरती एक स्वास्थ्य के लिए योग हरित योगा थीम पर योगाभ्यास सत्र और बाजपुर के ग्राम धनसारा मे समुदाय आधारित आउटरीच होम्योपैथिक शिविर आयोजित किया गया। समुदाय आधारित आउटरीच शिविर मे 19 लाभार्थियों की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर के दौरान महिलाओं को लाइफस्टाइल मोडिफिकेशन औषधीय पौध का वितरण किया गया। शिविर में 37 मरीजों को निशुल्क होम्योपैथिक औषधी का वितरण किया गया। योग सत्र परीक्षण में बच्चों को योगा अभ्यास कराया गया। शिविर मे बाजपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शिखा सम्मल फार्मेसिस्ट वतन कुमार योग अनुदेशक कुलदीप सिंह एव आशा कार्यकर्ती शमा बी, ग्राम धनसारा के 105 लाभार्थी द्वारा योगदान दिया गया।

# दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार विकास धुलिया के निधन पर शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वरिष्ठ पत्रकार विकास धुलिया के निधन पर स्थानीय पत्रकारो ने गहरा शोक व्यक्त करते हुये उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।उनके निधन पर शोक शोक व्यक्त करने वालो में विनोद पपनै, हरीश भट्ट, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, राजीव अग्रवाल मोनू, जीवन कुमार, चंचल गोला, अजीत प्रताप गोस्वामी, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, सलीम मलिक, श्यामलाल, नाजिम सलमान, जुगेश अरोडा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, रोहित गोस्वामी, गिरीश पांडे, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, आसिफ इकबाल, नदीम वारसी, मौ. कैफ खान, विक्की कश्यप, नावेद सैफी, रागिब खान, विमला अधिकारी, नवीन पोखरियाल, गणेश गगन, अमित बेलबाल, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, मो.उस्मान आदि मीडिया कर्मियों ने शोक व्यक्त किया है।

# अज्ञात कारणों से लगी दुकान में आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम सभा महेशपुरा में भगवान दास पुत्र देवीराम के घर में अज्ञात कारणों से आग लगने पर दुकान में रखी दाल, सेम, राशन, कपड़े, तेल आदि लाखों रुपये की सामग्री जलकर राख हो गई। नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य के निर्देशानुसार उनके प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी ने मौके पर पहुंच कर अग्नि पीड़ित परिवारों का हाल-चाल जाना और एसडीएम डा. अमृता शर्मा से फोन पर बात कर सहायता प्रदान करने को कहा। इस मौके पर कानूनगो को भेजकर कर स्थिति की जानकारी ली और भाजपा सरकार से अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

# संविधान का खुला उल्लंघन कर रही भाजपा सरकारः आर्य

- प्रत्येक पांच साल में अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार आम मतदाता का है
- भाजपा सरकार पंचायती राज संस्थाओं को करना चाहती है कमजोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान का खुला उल्लंघन कर रही है। आज की तारीख में ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायती शासक प्रशासक विहीन है । पंचायती व्यवस्था को लेकर प्रदेश में जो कुछ हो रहा है उसके लक्षण ठीक नहीं हैं। चुनाव नहीं होने से प्रदेश में संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विगत 27 मई से साढ़े सात हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतें, 95 क्षेत्र पंचायतें और 12 जिला पंचायतें लावारिश पड़ी है। ऐसा पहली बार हुआ है, न प्रशासक है और न निर्वाचित बोर्ड। राजभवन ने भी पंचायतीराज एक्ट में संशोधन विधेयक को वापस भेज दिया है। सरकार द्वारा पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को छह महीने पहले चुनाव की तैयारी कर लेनी चाहिए थी, लेकिन कार्यकाल पूरा होने का समय आने पर भी अब तक आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रही है। प्रत्येक पांच साल में अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार आम मतदाता का है।

ऐसे में बीजेपी सरकार अकारण विलंब करके उम्मीदवारों और वोटर्स के हक का गला घोट रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार इन संस्थाओं के अधिकारों को अर्थहीन कर रही है। भाजपा सरकार पंचायती राज व्यवस्था की शक्तियां छीनने और ग्रामीण संस्थाओं को अस्थिर करने का काम कर रही है। पंचायत चुनाव कब होंगे कोई पता नहीं। लोकतंत्र में जन प्रतिनिधित्व की सबसे छोटी इकाई के चुनावों के लिए भाजपा सरकार अक्षम दिख रही है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा के शासन में जिस तरह पंचायती राज व्यवस्था में संविधान की अवहेलना एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था का दमन किया जा रहा है, उससे गांव की सरकार कभी सशक्त और सुदृढ़ नहीं हो सकती।

ग्राम सभायें हमारी संस्कृति और समृद्धता की नींव है और इसके सशक्तीकरण का काम पंचायतीराज व्यवस्था के माध्यम से होता आया है लेकिन आज भाजपा सरकार पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर करना चाहती है जिसका हम मुखरता से विरोध करेंगे।

# ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग

- ठेका सफाई कर्मियों ने नियम विरुद्ध काम करने व मनमानी का लगाया आरोप
- तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका में कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया है। सफाई कर्मचारी नेता मुकेश कुमार के नेतृत्व में ठेका सफाई कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा नियमों के विरुद्ध सफाई कार्य कराया जा रहा है।

बार-बार मांग करने पर भी ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ठेकेदार द्वारा बहाना बनाकर सफाई कर्मचारियों की सैलरी जो महीने के प्रारंभ में मिलनी चाहिए महीने के अंत में दी जाती है। शासन द्वारा सफाई कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी पांच सौ रुपये निर्धारित की गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा कम सैलरी पर काम कराया जा रहा है। कर्मचारियों को सेफ्टी किट व सुरक्षा उपकरण नहीं दी जाती है। ईमानदारी से काम करने के बावजूद भी पीएफ और ईएसआई की सुविधा भी नहीं दी जा रही है अतः कर्मचारी ऐसे ठेकेदार के साथ काम करने में असमर्थ है। सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से आरिफ ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालो में राजू वाल्मीकि, चंदन, संजीत, आशीष, ललित, किशन पाल, मोहित वाल्मीकि, संतोष कुमार तथा अजय आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने अवैध कॉलोनियों पर शीघ्र कड़ी कार्रवाई करने के लिए संकेत देते हुए संबंधित कर्मचारियों को अवैध कालोनियों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए है। एसडीएम तहसील दिवस में फरियादियों की समस्या सुन रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने कड़े तेवर दिखाए। तहसील दिवस में दो दर्जन से अधिक आई समस्याओं का एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया।



मंगलवार को तहसील परिसर में आयोजित तहसील दिवस एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। तहसील दिवस में आई शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों का एसडीएम ने मौके पर निस्तारणर दिया। तहसील दिवस में एसडीएम के समक्ष सबसे अधिक राशन कार्ड की समस्याओं को लोगों ने रखा।

इसके अलावा जल निकासी, बिजली, पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखते हुए समाधान की अपील की। तहसील दिवस में पहुंचे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए एसडीएम ने तत्काल जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए। एसडीएम ने कहा की जनता की समस्याओं से संबंधित पत्रावलियों की अनदेखी न की जाए और न ही लंबित किया जाए समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए।

एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने अवैध कालोनियो पर कडा रूख अपनाते हुए राजस्व उप निरीक्षको एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों कोआदेशित करते हुए शीघ्र अवैध कालोनियों की लिस्ट देने तैयार कर उनके समक्ष पेश करने के निर्देश दिए।

# तहसील दिवस में डीएम भदौरिया ने सुनीं आमजन की समस्याएं



- पंजीकृत 91 समस्याओं में से 43 समस्याओं का मौके पर ही किया निस्तारण
- तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल संस्थान का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, एनएच, नगर पालिका तथा सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं स्थानीय स्तर के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर 91 शिकायतें पंजीकृत हुई जिनमें से 43 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में डीएम भदौरिया ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। तहसील दिवस में होशियार सिंह ज्याला एवं समस्त क्षेत्रवासी ग्राम रतनपुरा ने झनकट-रतनपुरा सड़क को चौड़ीकरण व हॉट मिक्स कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता लोनिवि को सड़क का निरीक्षण कर कार्ययोजना प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

बगुलिया निवासी रामचीज द्वारा आर्थिक सहायता के अनुरोध पर उप जिलाधिकारी को आर्थिक सहायता हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजने के निर्देश दिये। राहुल सिंह निवासी नगला तराई, दीपक शर्मा निवासी कुटरी, गिरीश चन्द्र निवासी गौहर पटिया व विकास सिंह निवासी नौगवांठग्गू ने जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जल नल मित्र पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव हेतु नल जल मित्र के रूप में नियुक्ति दिलाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पेयजल को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

झनकट निवासी विरेन्द्र सिंह व समस्त ग्रामवासी कुमराहा ने जेजेएम पेयजल कनेक्शन दिलाने के अनुरोध पर डीएम ने अधिशासी अभियंता पेयजल निगम को शीघ्र पेयजल संयोजन करने के निर्देश दिये। नगला तराई निवासी प्रकाश तिवारी द्वारा नई बस्ती तिवारी फार्म के पास ग्राम नगला तराई व दमगड़ा के मध्य नाला चौड़ीकरण व सफाई कराने के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को मौके का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्ययोजना बनाकर शीघ्र नाला सफाई कराने के निर्देश दिये गए। ग्राम चारूबेटा पहाड़ी कालोनी निवासी राम सिंह धामी द्वारा अवैध शराब निर्माण व बिक्री को बंद करने के अनुरोध पर एसएसपी व जिला आबकारी अधिकारी को तत्काल अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वार्ड नं0 14 तिलक नगर निवासी संतोष मेहरोत्रा ने अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या का समाधान कराने व टनकपुर रोड पर सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमणमुक्त कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र समाधान करने व उप जिलाधिकारी को अवैध अतिक्रमण चिन्हित करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराने के निर्देश दिये। वार्ड नं0 8 अमाऊँ निवासी गम्भीर सिंह धामी के खेतल सण्डा में लिंक रोड से चंचल सिंह बिष्ट के घर से होते हुए व ग्राम सभा भुड़ाई में लिंक रोड से भूपेन्द्र सिंह के घर तक सीसी रोड व नाली बनाने के अनुरोध पर खण्ड विकास अधिकारी को कार्ययोजना बनाते हुए कार्य कराने के निर्देश दिये।

वहीं जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में उठी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए सभी अधिकारी क्षेत्रों में जाकर जन समस्याओं को सुने व उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल संस्थान का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका रमेश चन्द्र जोशी, रंजीत सिंह नामधारी, गम्भीर सिंह धामी, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, एसीएमओ डॉ एसपी सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सीओ विमल रावत, सीएमएस डॉ वीपी सिंह, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम पीएन चौधरी, लोनिवि एसके अग्रवाल, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला पर्यटन अधिकारी तला बिष्ट, जिला सेवायोजन अधिकारी राकेश दुर्गापाल आदि उपस्थित रहे।

# ईद अल-अजहा को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कोतवाली जसपुर में बकरा ईद ( ईद उल अजहा पर्व) को सकुशल संपन्न करवाने में जसपुर व आसपास के गांव के सभी धर्म के धर्मगुरु /गणमान्य व्यक्तियों/ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की मीटिंग रखी गई ।

जून के पावन माह में मुसलमानों का ईद उल अजहा का पवित्र पर्व है जिसमें मुसलमानों द्वारा अल्लाह के हुक्म से जानवरों की कुर्बानी दी जाती है और उसे गरीबों/यतीमों में तकसीम किया जाता है। जानवरों की कुर्बानी के मद्देनजर आपसी सौहार्द व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम चतर सिंह चौहान , जगदीश सिंह ढकरियाल, नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने सभी विभागों के जिम्मेदार अफसरों वह क्षेत्र के जिम्मेदार गणमान्य व्यक्तियों ,जनप्रतिनिधियों व मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक में प्रतिभाग किया । एसडीएम छतर सिंह चौहान ने पीस मीटिंग में मौजूद जनप्रतिनिधियों गणमान्य व्यक्तियों से त्योहार को सौहार्दपूर्ण शांतिपूर्ण संपन्न किए जाने को लेकर सुझाव मांगे जिस पर अनेक व्यक्तियों ने प्रशासन को अपने सुझाव दिए। एसडीएम ने मौके पर मौजूद विभागीय अफसरों को सुझावों के निर्वहन हेतु अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया। बैठक में सबसे ज्यादा बिजली कटौती वह साफ सफाई की बात रखी गई, जिसमें एसडीएम ने बिजली विभाग से बिजली कटौती न करने की बात कही वह नगर पालिका अध्यक्ष मो. नौशाद से साफ सफाई की व्यवस्था व्यवस्था दुरुस्त करवाने की बात की, जिसके लिए अध्यक्ष मो. नौशाद में मौके पर ही नगर पालिका जेई ऋषभ राणा को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने हेतु आदेशित किया। पीस मीटिंग में एसडीएम ने सभी मुस्लिम भाइयों को आने वाली ईद उल अजहा की बधाई दी और सभी धर्म के जन् प्रतिनिधियों व नागरिकों से शांति व संयम बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की बातों पर विश्वास ना करके सीधा कोई भी व्यक्ति किसी भी आपात स्थिति में शासन/ प्रशासन से या पुलिस से संपर्क कर सकता है। पुलिस 24 घंटे आपकी सुरक्षा में शांति के लिए तत्पर है।

पीस कमेटी की मीटिंग में एसडीएम चतर सिंह चौहान, कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल, एसएसआई जावेद मलिक, बिजली विभाग के एसडीओ सद्दाम हुसैन, बीजेपी के वरिष्ठ नेता अशोक खन्ना, कांग्रेस के जाकिर हुसैन, नईम प्रधान, प्रधान पति शाहनवाज हुसैन, बीजेपी नगर महामंत्री विशाल कश्यप, सभासद रूबी प्रधान, हाजी अब्दुल हमीद, नसीम मेंबर, सुंदर मेंबर, आमिर हुसैन, डॉक्टर संदीप, सरफराज युसूफ, जेई ऋषभ राणा आदि मौजूद रहे।

# बाईपास की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



- राष्ट्रीय राजमार्ग 74 से हरलालपुर, गांव बाजपुर, केशोवाला होते हुए बनाया जाए बाईपास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** व्यापार मंडल के महामंत्री ललित कोछड़ के नेतृत्व में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल और स्थानीय व्यापारियों ने बाजपुर तहसील दिवस में एसडीएम डा. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर बाजपुर में जाम से निजाद दिलाने और बाईपास बनवाने की मांग की।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री ललित कोछड़ वाइटी ने बताया कि बाजपुर में मुख्य मार्ग से अक्सर उच्च न्यायालय के न्यायधीश, नैनीताल पर्यटन के लिए अनेकों राज्यों कि पर्यटक और वर्ष में दो तीन वार सैना के वाहन भी गुजरते हैं, जिसके चलते जाम की स्थिति वन जाती है। अन्य शहरों की भांति बाजपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 से हरलालपुर, गांव बाजपुर, केशोवाला होते हुए बाईपास बनाया जाए। भगत सिंह चौक से तीनों तरफ दो सो मीटर के दायरे में चौपिहया व तिपहिया वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया जाए। दोराहा से सवारी लेकर आने बाले टेम्पों की सवारी इंटर कालेज गेट से पीछे और इसके बाद रामलीला मैदान में उतारने की व्यवस्था की जाए।


पालिका प्रशासन की मदद से नगर में नाले से नाले तक दुकानदारों और अन्य द्वारा लगाए गए फड आदि हटाकर यातायात सुचारु किया जाए। हल्द्वानी वस स्टेण्ड से बैरिया रोड आलापुर अंडरपास से चकरपुर पाडें रोड को सही कर शहरी क्षेत्र में वाईपास का काम लिया जा सकता है। इस मौके पर समीर गर्ग, कलीराम बंसल, राघव गोयल, मनोज गोयल, भोला गर्ग, बंटी आनंद, अशोक गोयल, सनी गोयल, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

**बाजपुर।** मंगलवार को एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने तहसील दिवस में जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें तहसील दिवस में 23 शिकायतें हैं दर्ज कराई गई। एसडीम डॉक्टर अमृता शर्मा ने कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया बाकी शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को ट्रांसफर कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, कानूनगो सुनीति पाल, महिपाल सिंह, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# छठी कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

■ जेएनवी में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों में बढ़ी काफी दिलचस्पी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जवाहर नवोदय विद्यालय में आगामी शैक्षिक सत्र के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके लिए पांचवी कक्षा पास छात्र अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है तथा 13 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा होगी, जिसमें मेरिट के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य केके तिवारी ने दी।

उधर वर्तमान समय में निजी विद्यालयों की बढ़ती मनमानी एवं सरकारी विद्यालयों के गिरते शैक्षिक स्तर को देखते हुए बहुत कम फीस में जवाहर नवोदय विद्यालय चंपावत के उच्च शैक्षिक स्तर, गुणवत्तायुक्त शिक्षा, अनुशासन एवं आज के समय की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने के कारण इस विद्यालय के प्रति अभिभावकों का लगातार आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इसे यहां के अध्ययनरत बच्चों का सौभाग्य कहें कि विद्यालय को केके तिवारी ऐसे प्राचार्य मिले हैं, जो बच्चों को मां-बाप की तरह प्यार व दुलार देने के साथ उनके भविष्य को संभालने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडे का कहना है कि यह जिले के शिक्षा जगत के लिए गर्व की बात है कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले प्राचार्य के के तिवारी जवाहर नवोदय विद्यालय को मिले हैं। उनके अनुभव व ज्ञान का लाभ लोहाघाट के राजीव नवोदय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों को भी मिलेगा।

# रामनगर महाविद्यालय में हंगामा

■ शराब की खाली बोतलों पर बवाल
■ एबीवीपी कार्यकर्ताओं और प्राचार्य में तीखी भिड़ंत
■ एबीवीपी नेता ने प्राचार्य पर लगाया थप्पड़ मारने का आरोप
■ पुलिस पहुंची मौके पर किया मामला शांत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में मंगलवार को उस वक्त हंगामा मच गया जब परिसर में शराब की खाली बोतलें मिलने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक एबीवीपी नेता ने प्राचार्य पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया। वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. मोहन चंद पांडे ने छात्रों पर उनके कार्यालय में कूड़ा फेंकने और शराब की बोतलें उछालने का गंभीर आरोप लगाए हैं।

घटना मंगलवार दोपहर की है। एबीवीपी के कॉलेज अध्यक्ष नितेश शर्मा के नेतृत्व में कुछ एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय परिसर में शराब की तीन पैठी खाली बोतलें मिलने की शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे थे। छात्र नेताओं का कहना है कि महाविद्यालय परिसर में आपत्तिजनक सामग्री मिलने से कॉलेज की गरिमा को ठेस पहुंच रही है और छात्र-छात्राओं के माहौल पर इसका गलत असर पड़ रहा है। छात्र नेता नितेश शर्मा का आरोप है कि जब वे अपनी शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे तो उन्होंने न सिर्फ उनकी बातों को अनसुना किया, बल्कि उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद गुस्साए एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने प्राचार्य के कार्यालय में ही नारेबाजी शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने लगातार मांग कर रहे थे कि या तो प्राचार्य का तत्काल ट्रांसफर किया जाए या वे अपने पद से इस्तीफा दें। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही एसआई तारा सिंह राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे और प्राचार्य के कार्यालय में ही धरने पर बैठे रहे और कई घंटों तक यह मामला चलता रहा।

वहीं इस पूरे मामले पर प्राचार्य प्रोफेसर डा. मोहन चंद पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में इस समय परीक्षाएं चल रही हैं और वे अपने कार्यालय में गोपनीय कार्य कर रहे थे। उन्होंने गार्ड को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी को भी कार्यालय के भीतर न आने दिया जाए, लेकिन एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जबरन नारेबाजी करते हुए उनके कार्यालय तक पहुंचे और भीतर घुस गए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों ने उनके ऊपर शराब की खाली बोतल फेंकी और कार्यालय में कूड़ा भी डाला। बताया कि उन्होंने किसी तरह से खुद को बचाया और तत्काल स्टाफ को बुलाया। उनका कहना है कि यह घटना न केवल अनुशासनहीनता है बल्कि शिक्षण संस्थान के माहौल को खराब करने की साजिश भी हो सकती है।

प्राचार्य ने यह भी कहा कि जिन शराब की बोतलों को छात्र दिखा रहे थे, वे न तो किसी क्लासरूम और न हीं किसी कार्यालय से बरामद हुई हैं। उनका कहना है कि पूर्व में भी महाविद्यालय में अराजकतत्वों की गति. विधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा बढ़ाई गई थी, लेकिन इन तत्वों की आवाजाही अभी भी बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी कुलपति और उच्च अधिकारियों को दी गई है और इस तरह की हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मामले को सुलझाने के लिए भाजपा नेता गणेश रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, भाजपा नेता मनोज पांडे, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष यतिन रौतेला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित मेहरा आदि पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी और भाजपा नेता भी पहुंचे और मामले को शांत कराया गया। इस दौरान धरने पर नितेश शर्मा कॉलेज अध्यक्ष, एबीवीपी रोहित रावत नगर मंत्री, पियूष जोशी छात्र महासंघ अध्यक्ष, नीरज कंडारी कॉलेज मंत्री, हीरा सिंह भंडारी जिला सह संयोजक, आकश आर्या, सूरज पांडेय, पंकज कोटनाला, सूरज रावत, हितेश राणा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया बार्बर शॉप और मीट शॉप का सत्यापन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** थानाध्यक्ष जाजरदेवल प्रकाश पांडे के नेतृत्व में चौकी वड्डा प्रभारी आशीष रावत द्वारा कस्बा वड्डा क्षेत्र में संचालित समस्त बार्बर शॉप (हेयर सैलून) तथा मीट शॉप का विस्तृत सत्यापन अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा बार्बर शॉप में कार्यरत कर्मचारियों के सत्यापन किए गए। साथ ही सभी मीट दुकानों के लाइसेंस की जांच की गई एवं यह सुनिश्चित किया गया कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों और स्वच्छता मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। मीट विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और उचित तरीके से व्यवसाय संचालित करने के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बिना वैध लाइसेंस के कार्य कर रही दुकानों को चेतावनी दी गई तथा पुलिस एक्ट के तहत चार दुकान संचालकों के 60 हजार के कोर्ट के चालान किए गए। पुलिस द्वारा ऐसे निरीक्षण अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

### मेकमायट्रिप ने ट्रेन यात्रियों के लिए नया 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत में रिजर्व्ड ट्रेन टिकट यात्रा से 60 दिन पहले बुक किए जा सकते हैं। लेकिन, ज्यादातर लोग अपनी यात्रा की योजना अक्सर बाद में बनाते हैं। मेकमायट्रिप के डेटा से पता चलता है, कि लगभग 40 प्रतिशत लोग कई बार और कई दिनों तक कोशिश करके टिकट बुक करते हैं। इनमें से करीब 70 प्रतिशत लोगों को वेटिंग लिस्ट वाले टिकट लेना पड़ता है, क्योंकि उनका प्लान पक्का होने तक कन्फर्म सीटें खत्म हो जाती हैं। रेल यात्रियों को बेहतर योजना बनाने में मदद करने के लिए, मेकमायट्रिप ने 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर पेश किया है, जिससे यह पता चल सकता है कि किसी चुनिंदा ट्रेन की सीटें कब तक बिक सकती हैं। यह फीचर वर्षों के ऐतिहासिक बुकिंग डेटा और वास्तविक समय में मांग के संकेतों को मिलाकर बनाए गए आधुनिक मॉडलों पर आधारित हैं।

राजेश मैगो, सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, मेकमायट्रिप का कहना है, हम भारतीय रेल यात्रियों की छोटी सी छोटी जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने पर फोकस कर रहे हैं। सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट इसी कोशिश का नतीजा है, जो डेटा साइंस पर आधारित है।

### जनप्रतिनिधियों ने उठाई जनहित की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्म सिंह दसौनी ने ग्राम बग्गा 54 के मार्गों पर जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप लगाने, पूर्व ग्राम प्रधान चारुबेटा रेखा सोनकर ने ग्राम सभा की दो साल से खुली बैठक नहीं होने का मामला उठाया और कहा कि खुली बैठक नहीं होने से ग्राम सभा के विकास कार्य ठप तथा पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो पा रहें हैं। क्षेत्र पंचायत प्रशासक रंजीत सिंह नामधारी ने खटीमा एवं नानक मत्ता विधानसभा क्षेत्र की सिंचाई नहरों व नालों की सफाई कराने, धन की आवपासी माफ करने का मामला उठाया। नोगवांठग्गू ग्राम सभा की प्रधान ललित राणा ने लोहिया पुल से निकलने वाले सिंचाई नहर की नौगवां ठग्गू तक मिट्टी खनन मिट्टी उठा लेने का मामला उठाया।

### कार्य बहिष्कार शुरू होने से कामकाज ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पार्वतीय राजस्व उप निरीक्षक महासंघ के आवाहन पर जिले के सभी राजस्व उप निरीक्षक, निरीक्षक एवं अनुदेशकों द्वारा दो दिनी कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है जिससे चंपावत, लोहाघाट, पाटी, बाराकोट, टनकपुर तहसीलों के अलावा उप तहसील मंच एवं पुल्ला में राजस्व का कार्य पूरी तरह ठप रहा।

संगठन के जिला अध्यक्ष पुष्कर नाथ एवं सचिव सुनील मेहरा के नेतृत्व में किए गए आंदोलन में उनका कहना है कि आज पूरी दुनिया आधुनिक सुविधाओं से जुड़ चुकी है लेकिन उत्तराखंड के राजस्व निरीक्षक एवं उप निरीक्षक आज भी साइबर सुविधाओं से मोहताज रखे गए हैं। जिससे न केवल कार्य में विलंब होता है बल्कि इसका खामियाजा लोगों को भी भुगतना पड़ता है। संगठन का कहना है कि वह अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से शासन का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। आज सभी तहसीलों में संगठन की ओर से राज्य सरकारों को उप जिलाधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन भेज कर चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो उनका आंदोलन लंबे समय तक जारी किया जा सकता है। राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल को जनता का भी समर्थन मिल रहा है।आम लोगों का कहना है कि राजस्व निरीक्षक एवं उप निरीक्षकों का सीधे जनता से संबंध रहता है।यदि उन्हें लैपटॉप आदि आज की जरूरतों के अनुसार उन्हें सुविधाएं मिलने लगे तो इससे उनके कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। युवा कांग्रेस के क्रांति महामंत्री भूवन चौबे ने राजस्व उप निरीक्षकों के इस आंदोलन का पूरी तरह समर्थन किया है।उनका कहना है कि उनकी छोटी सी मंगा पूरी किए जाने का जनता को लाभ मिलेगा।

### वेल्डिंग के दौरान करंट लगने से मजदूर झुलसा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर में निर्माणाधीन रिसोर्ट में हुआ बड़ा हादसा

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम छोई क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक निर्माणाधीन रिसोर्ट में वेल्डिंग का काम कर रहा मजदूर करंट की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि मजदूर बुरी तरह झुलस गया। उसे आनन-फानन में रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वसीम उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद हसीन, रामनगर के खताड़ी क्षेत्र का निवासी है और वह वेल्डिंग का काम करता है। मंगलवार सुबह वसीम छोई क्षेत्र में निर्माणधीन रिसोर्ट में वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान जब वह एक पाइप को वेल्ड कर रहा था, तभी पाइप गलती से एक करंट वाली जाली से टकरा गया। इस टकराव के साथ ही वसीम को जोरदार करंट लगा जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।

घटना होते ही मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बिना देर किए वसीम को अस्पताल पहुंचाया। रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. तौहीद ने बताया कि वसीम को करंट उसके सीधे हाथ में लगा है। करंट से उसके शरीर का एक बड़ा हिस्सा झुलस गया है। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## फर्जी तरीके से लोन स्वीकृत कराने पर मां-बेटे पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मां के साथ मिलकर बेटे पर मकान बनाकर देने के नाम पर एक युवक का फर्जी तरीके से 15.74 लाख रुपये का बैंक लोन स्वीकृत करने का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मां-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मझौला आशिक मुरादाबाद निवासी पूजा रानी पत्नी मुकेश कुमार ने कोर्ट में पत्र दिया। कहा उनके पति मुकेश सिडकुल एक कंपनी में ऑपरेटर हैं। 2023 में उनके पति की मुलाकात रम्पुरा निवासी सचिन कुमार पुत्र कल्लू राम से हुई। 25 सितंबर 2023 को सचिन ने फाजलपुर महरौला में एक प्लॉट दिखाया। वहीं प्लॉट की रजिस्ट्री मां प्रेमवती के नाम की बताई। सचिन ने 19.50 लाख रुपये में प्लाट में मकान बनाकर देने का ठेका तय किया। उन्होंने अलग-अलग करके सचिन को 3.60 लाख रुपये दिए। 20 मार्च 2024 को उनके मोबाइल नंबर पर आवास विकास स्थित एक बैंक से 1574630 रुपये का लोन स्वीकृत होने का मैसेज आया। आरोप है कि पति के बिना किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए बैंक से लोन स्वीकृत कराया गया।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी सचिन और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें सरकार की योजनाएंः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में समाज के अंतिम छोर में पहुंचे व्यक्ति को नचचवतज जव चववत चतपेवदमतें बीमउम के तहत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ष्सशक्त समितिष् की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में समिति द्वारा 02 प्रकरणो पर चर्चा की गई तथा जिलाधिकारी व समिति के समस्त सदस्यों द्वारा 01 प्रकरण को निस्तारित तथा लंबित एक प्रकरण पर अविलंब कार्यवाही किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। योजना के तहत एक प्रकरण में जमानत धनराशि रुपये 10000/ का व्यक्तिगत बंध पत्र में धनराशि जिलाधिकारी/अध्यक्ष के स्तर से भुगतान किए जाने पर संस्तुति प्रदान की गई व एक अन्य प्रकरण में जमानत धनराशि बंदी द्वारा देय होने के कारण निस्तारित किया गया हैं। बैठक में डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ एस.एस नबियाल, मुख्य शिक्षाधिकारी हरक राम कोहली प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, प्रभारी न्यायिक बंदी गृह व जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे।

## जोड़ मेले में पुलिस के रहेंगे सुरक्षा के कड़े बंदोबस्तः पुलिस अधीक्षक

■ पुलिस की नजरों से बच नहीं सकेंगे अपराधी, सादी वर्दी में भी चप्पे-चप्पे में तैनात होगी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मीठे रीठे के चमत्कार के लिए दुनिया में प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में होने वाले सालाना जोड़ वाले में पुलिस ने सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए हैं तथा तीर्थ यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उनके आने-जाने के लिए भी अलग मार्ग तय किए हैं। यात्रियों की सुरक्षित यात्रा एवं सड़क मार्गो की स्थिति को देखते हुए 32 सीटर से बड़े वाहन लोहाघाट से आगे नहीं जा पाएंगे, जबकि कैंटर व अन्य भारी वाहनों में यात्रा करना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के अनुसार सूखीढांग से रीठासाहिब मार्ग में केवल दोपहिया एवं छोटे चौपाइयां वाहन ही संचालित होंगे। जबकि इस दफा चंपावत-लोहाघाट में पैदा होने वाली यातायात व्यवस्था को देखते हुए ललुआपानी सड़क से शेष वाहन गुजरेंगे जो खेतीखान निकलेंगे। बूदुम एवं खेतीखान में पुलिस चौकी बनाई जा रही है। जबकि सूखीढांग में चेक पोस्ट बनाई गई है। सभी वाहन गुरुद्वारा के नदी पार परेवा (कलोता) स्थल में पार्क करेंगे। रीठासाहिब के स्नान घाट में जल पुलिस व एसडीआरएफ की तैनाती की गई है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करेंगे, जिन्हें क्रेन आदि सभी सुविधाएं दी जा रही है। इस दफा यहाँ पीएसी की भी तैनाती की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीओ एसएस राणा मेला प्रभारी होंगे, जबकि रीठासाहिब के थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट अपने कार्य के अलावा समन्वय स्थापित करेंगे। इनके अधीन लगभग 150 सभी प्रकार के पुलिस होमगार्ड के अलावा दो प्लाटून पीएसी तैनात की गई है, साथ ही चप्पे-चप्पे में बगैर वर्दी के पुलिस व खुफिया कर्मी स्थिति पर बराबर नजर रखेंगे। हालांकि मेला 9 से 11 जून को होगा लेकिन तीर्थ यात्री भीड़ से बचने के लिए उनका आना पहले से ही शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों से स्पष्ट कहा है कि वे इस मेले में देश विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों का अपने मेहमान की तरह स्वागत करते हुए उन्हें उत्तराखंड की बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था का भी एहसास कराये जिससे वे यहां की यादों को अपने साथ समेट कर दूसरे तीर्थयात्रियों को भी इस ओर भेजने के लिए प्रेरित कर सके।

## मानसून सीजन को देखते अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने वर्तमान मानसून सीजन को देखते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मरकाना, मयंक मित्तल सहायक अभियंता सिचाई विभाग, एसडीओ अंकित बडोला वन विभाग, राजस्व उपनिरीक्षक रामनगर राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीणों के साथ वन ग्राम सुंदरखाल, चुकम ग्राम का निरिक्षण किया गया।

तएसडीएम ने बताया कि चुकम ग्राम मे निरिक्षण के दौरान कोसी नदी मे विभिन्न मामलों को लेकर दिशा निर्देश सम्बंधित वन विभाग को दिए गये। सिंचाई विभाग द्वारा आपदा मद से बनाये गये 5 इसकेवर का निरिक्षण किया गया। सुन्दरखाल क्षेत्र में ग्राम के समीप से गुजरने वाले बरसाती नाले में चेनेलाईजेशन के निर्देश सम्बंधित वन विभाग को दिए गये। वन विभाग द्वारा मौके पर अवगत कराया गया कि आपदा सम्बंधित कार्य दो दिन के भीतर शुरू कर दिया जायेगा। एसडीएम ने बताया कि आपदा के दौरान जल्द कार्य किये जाने के निर्देश सभी विभागों को दिए गये हैं।कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राजकीय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का किया विस्तार

### पहली परिचयात्मक बैठक में अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा की गई शिक्षक हितों की जोरदार पैरवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जनपद अध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी की अध्यक्षता तथा जनपद मंत्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में राजकीय शिक्षक संघ चंपावत की जनपद कार्यकारिणी की पहली बैठक के साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जनपद मंत्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी के समक्ष समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए शिक्षक हितों संबंधी विभिन्न मुद्दों की जोरदार पैरवी की।

जनपद अध्यक्ष जगदीश अधिकारी ने सीईओ का अभिनंदन करते हुए शिक्षक हितों संबंधी समस्याओं के निदान हेतु कार्यनीति पर विस्तृत चर्चा की। प्रथम बैठक में कार्यकारिणी द्वारा कोटिकरण संशोधन, कनिष्ठ वरिष्ठ विसंगति, लंबित देयकों के भुगतान सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा जुलाई-अगस्त माह में समस्त पदाधिकारियों और अधिकारियों की मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के द्वितीय सत्र में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मनोनयन किया गया। बैठक में संयुक्त मंत्री नरेन्द्र नाथ गोस्वामी, संयुक्त मंत्री महिला हेमा जोशी, संगठन मंत्री गिरीश चंद्र जोशी, आय व्यय निरीक्षक चन्द्र प्रकाश टम्टा ने अपने विचार रखे।

#### मनोनीत किए गए पदाधिकारी

- संरक्षक – सतीश चंद्र जोशी, अउराइका पाटी
- कोषाध्यक्ष – नवीन चंद्र पांडे, अउरइका लोहाघाट
- प्रवक्ता – कुंवर सिंह प्रथोली, राउमावि खीड़ीपोखरी
- कार्यालय मंत्री – नवीन पंत राउमावि पल्सों
- प्रचार मंत्री– शमशाद अली राईका मऊ
- सलाहकार – प्रकाश सिंह बोहरा, राइका सुई
- डा. कमल गहतोड़ी, डायट लोहाघाट
- सुनील पाण्डे, राउमावि फूंगर

#### सदस्य विकासखंड चंपावत

- कैलाश भट्ट, राइका सिप्टी
- भुवन शंकर पाण्डे, राइका टनकपुर
- मुकेश वर्मा, राउमावि मोराड़ी

#### विकास खंड पाटी

- मनोज नाथ महंत, राइका रीठाखाल
- करन टोलिया, राइका मध्यगंगोल
- नगेन्द्र सिंह राणा, राउमावि बूंगाबींड़

#### विकासखंड लोहाघाट

- रमेश सिंह रावत, राइका कर्णकरायत
- सुंदर नाथ गोस्वामी, राइका जानकीधार
- दीपा टम्टा, राइका दशलेख

#### विकासखंड बाराकोट

- दुर्गेश जोशी, राइका बर्दाखान
- अरिमर्दन यादव, राइका मऊ
- जानकी चतुर्वेदी, राइका डोबाभागू

## खेल परिषद के उपाध्यक्ष ने किया खेल प्रशिक्षण शिविरों का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद भ्रमण पर पहुंचे उत्तराखण्ड प्रदेश के राज्य स्तरीय खेल परिषद के उपाध्यक्ष हेम. राज बिष्ट ने श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा स्टेडियम में विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से संवाद किया तथा खुद फुटबॉल एवं बास्केटबॉल भी खेला। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट द्वारा उपाध्यक्ष को जनपद में खेल विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं में सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

स्टेडियम निरीक्षण के दौरान सभी खेल प्रशिक्षकों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा जनपद में विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण शिविरों का संचालन शुरू होने पर सभी प्रशिक्षकों को बधाई दी तथा पूर्ण मनोयोग से लक्ष्यमूलक प्रशिक्षण शिविर संचालित करने को कहा। 'उपाध्यक्ष ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर सरकार द्वारा प्रदेश में खेलों हेतु संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। खेल विभाग द्वारा इस वर्ष जनपद पिथौरागढ़ में 12 प्रशिक्षण केन्द्रों में 28 खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी खेल प्रशिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री, खेल मंत्री एवं उपाध्यक्ष का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के निरीक्षण के बाद उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज लेलू के निरीक्षण हेतु रवाना हुए। इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक सतीश कुमार, अन्तरराष्ट्रीय बॉक्सर कै. देवी चन्द, अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षक जर्नादन सिंह वल्दिया, प्रकाश जंग थापा, जर्नादन वल्दिया, प्रशान्त भैसोड़ा, यतीश ओझा, चन्द्र सिंह धामी, भावेश भट्ट, भूपेश बिष्ट, मनोज रावत, मुकुल चन्द्र पाठक, निखिलेश भण्डारी, मनोज कुमार पुनेठा, विशाल नगरकोटी, अक्षय कुमार, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, पंकज भट्ट, पंकज मेहता, गणेश सिंह, किशन सिंह, ललित प्रसाद कापड़ी, दिनेश सिंह बिष्ट, सुनील कुमार, राजेन्द्र राम, केशर राम, उमेद राम, लीलावती जोशी, सुनीता मेहता रावत, माया कुमारी, नेहा धौनी एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।



## मेट्रोमोनियल वेबसाइट से निवेश के नाम पर 40.46 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** रुद्रपुर में मैट्रिमोनियल वेबसाइट से संपर्क में आई युवती ने जसपुर निवासी आलोक कुमार को शादी का झांसा देकर और निवेश में मुनाफे का लालच देकर मार्च और अप्रैल माह में 40.46 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में अज्ञात के खिलाफ के दर्ज कराया है। पीड़ित ने निवेश के लिए रकम उधार लेकर जुटाई थी।




जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी आलोक कुमार ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उसकी मैट्रिमोनियल साइट sangam.com पर अकाउंट है। मार्च को उनको प्रीति अग्रवाल नाम की युवती का मैरिज इंटरेस्ट प्राप्त हुआ। उसके पश्चात वह प्रीति के साथ चैटिंग करने लगे। चैटिंग के दौरान प्रीति ने आलोक को बताया कि वह शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का कारोबार करती है। ट्रेडिंग करके वह रोजाना लाखों रुपये कमा लेती है। उसने कहा कि अगर वह भी उसके साथ ट्रेडिंग करेगा तो वह उससे शादी के लिए तैयार है। इनकार किया तो प्रीति ने तीन महीने में एक करोड़ की कमाई का लालच दिया। उसने लिंक भेज कर आईडी बनाने और दो लाख लगाने के लिए कहा। इस पर जब उसने इंकार किया तो प्रीति ने दोबारा बात नहीं करने के लिए कहते हुए फोन काट दिया। उसके पश्चात शाम में पुनः चैटिंग हुई तो उसने 50 हजार निवेश करने के लिए कहा। इस पर उसे ट्रेडिंग में नौ हजार का मुनाफा दिखाया गया। विड्रोल करने पर सारी रकम उसके खाते में आ गई।

पहले निवेश पर ही मोटा फायदा होने पर और राशि उसके खाते में आ जाने पर उसे महिला पर विश्वास हुआ और प्रीति के कहे अनुसार उसने 21 अप्रैल से 28 मई तक 12 बार अपने खाते से 40.46 लाख रुपये महिला द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर में ट्रांसफर कर दिए। वेबसाइट पर निवेश की गई राशि पर 34,455 डालर लाभ के रूप में प्रदर्शित किए गए। कई बार राशि को पार्ट पेमेंट के रूप में विड्रोल की रिक्वेस्ट करने पर 30 फीसदी टैक्स की मांग की गई। 15% प्रतिशत कन्वेंशन चार्ज भुगतान करने के बाद भी 10000 सत्यापन के नाम पर मांगे गए। इस पर उसे ठगी होने का एहसास हुआ। उसने अपने एक-दो मिलने वालों से बात की। तब उसे अपनी ठगी का एहसास हुआ। उसके पश्चात उन्होंने साइबर सेल पुलिस टीम से संपर्क किया और जानकारी दी।

वहीं साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जिन खातों में रुपये ट्रांसफर किए गए हैं, उनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

साइबर क्राइम थाना पुलिस की अपील

साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने लोगों से अपील की है कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों के लुभावने वायदे के प्रलोभन में ना आएं। उन्होंने फर्जी निवेश ऑफर, टेलीग्राम और वेबसाइट ऑफर में निवेश नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर किसी अनजान शख्स से दोस्ती से बचने और अनजान काल आने पर लालच में नहीं आने वह कालर की सत्यता जानने के लिए कहा। ऑनलाइन जॉब के लिए अप्लाई करने से वेबसाइट का पूरी तरह से सत्यापन कर लें। गूगल से किसी भी कस्टम केयर नंबर सर्च ना करें। कम समय में अधिक लाभ के चक्कर में निवेश न करें नहीं तो जीवन भर की कमाई लुटानी पड़ सकती है।

# स्केटिंग के साथ दिखाए करतब

## शेरवुड कॉलेज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का रंगारंग समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से शुरु हो गया। समारोह में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि आसाम के आईएएस अधिकारी व स्पेशल चीफ सेक्रेटरी एसडी अब्बासी थे।

समारोह में स्केटिंग का प्रदर्शन की धूम रही और अनेक करतब दिखाए गए। इसके बाद स्विमिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डाइव लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए गए जिसमें मुख्य रूप से गणित, भूगोल, पर्यावरण तथा विज्ञान विषय शामिल किए गए थे। समारोह के दूसरे चरण में क्वायर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके बाद विद्यालय सभागार में अंग्रेजी नाटक मंचित किए गए।

जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस बीच चौपल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त भी अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनकी दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एसडी अब्बासी ने सभी कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की। कहा कि शेरवुड कालेज अपने दायित्वों की पूर्ति कर रहा है। बच्चों का भविष्य संवार रहा है। उन्होंने विद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाते रहेंगे। साथ ही उन्होंने तीन दिवसीय आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एपी सिंह, वित्त प्रबंधक बासु साह, हेम चंद्र पांडे, पूर्व छात्र व वीर रस कवि अपूर्व सिंह, विशाल खन्ना, संदीप बिष्ट, रोहित जलाल, सुनील सिंह, राज कुमार, सचिन भंडारी, ललिता, अनुराधा तिवारी तथा जोशमीन समेत अभिभावक मौजूद थे।

# मोटरमार्ग की दशा सुधारने के लिए कमिश्नर से गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लगातार क्षेत्र में बढ़ रही दुर्घटना का कारण बन रही शहीद बलवन्त सिंह मेहरा मोटर मार्ग की दुर्दशा लेकर मंगलवार को पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पीसी गोरखा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने नैनीताल में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत व जिलाधिकारी वंदना सिंह से भेंटकर ज्ञापन सौपा गया। गोरखा के मुताबिक कुमाऊँ आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने प्रकरण को मुख्यमंत्री तक पहुँचाने का आश्वासन दिया और शासन में मामले को गंभीरता पूर्वक लिया जाएगा। शिष्ट मण्डल ने जिलाधिकारी से वार्ता कर शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त सड़क पर खनन न्यास निधि से डामरीकरण व सीसी निर्माण कराने की मांग उठाई, जिलाधिकारी ने खनन न्यास निधि को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेशित कर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान पीसी गोरखा, पूर्व प्रधान भुवन मेहरा, खुशाल हाल्सी, राजेंद्र सिंह मेहरा, पूर्व प्रधान बची राम, प्रेम सागर, बची राम, कैलाश आर्या, पूर्व प्रधान थुवा ब्लॉक एस. लाल, मौ. ताहिर, संजू बोहरा, देवेन्द्र फर्त्याल मौजूद रहे।

## एक नजर

### नियमितिकरण के लिए पौधारोपण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 333वें दिन भी जारी रहा। महासंघ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन-देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधा रोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए कार्यक्रम में मंगलवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रोजेक्ट सेल ऑफिसर श्री तड़ागी, सहायक अभियंता श्री मासीवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधारोपण करेंगे।

### लेखाकार हरगोविंद मेहरा को विदाई दी

**नैनीताल।** नेहरू युवा केंद्र संगठन (परिवर्तित नाम माई भारत) में लेखाकार के पद पर कार्यरत हरगोविंद मेहरा की सेवानिवृति पर विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने उन्हें विदाई दी गयी। इस मौके पर सभी ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की। बता दें लेखाकार मेहरा 31 मई को अपनी 35 वर्ष 5 माह और 20 दिन की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए थे। हरगोविंद मेहरा एक अनुभवी कुशल प्रशासक और नियमों के जानकार के साथ नेहरू या केंद्र संगठन उत्तराखंड के सभी जिलों में किसी न किसी रूप में कार्यरत रहे। नैनीताल से 1987 में नौकरी शुरू करने के बाद वे राज्य कार्यालय से रिटायर हो गए। के गंडोत्रा, जेपीएस नेगी, एनसी जोशी, आनंद घिल्डियाल, राज. कुमार कुंडू, बलविंदर खोसा, डी एन आर्य, एच सी जोशी सहित अनेक निदेशकों के साथ कुशलता और प्रत्येक विपरीत परिस्थिति में संयम और धैर्य से काम करने वाले हरगोविंद लोकप्रिय व्यक्ति भी रहे।

### तीन माह का सरकारी राशन निर्गत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बेतालघाट गोदाम से सम्बद्ध सभी उचित दर विक्रेताओं को वर्षाकाल के दृष्टिगत तीन माह जून, जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न निर्गत कर दिया गया है। इसके अलावा मेहरागांव गोदाम से सम्बद्ध संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित 23 उचित दर विक्रेताओं को चिन्हित कर तीन माह जून जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न निर्गत कर दिया गया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मेहरागांव और बेतालघाट गोदाम के सभी उचित दर विक्रेताओं को ईपोस मशीन वितरित की जा चुकी हैं। इन मशीनों द्वारा अब राशनकार्ड धारकों को राशन वितरण करवाया जाएगा।

### रिज़वान के तबादले पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी मो. उस्मान के पुत्र मो. रिजवान खान का ट्रांसफर उत्तरकाशी जिले में किए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। आज हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके खिलाफ मुकदमा मल्लीताल थाने में दर्ज हुआ है। जब जांच अधिकारी ने इन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया तो उन्होंने कोई सहयोग नहीं किया है। राज्य सरकार ने इनका स्थानांतरण नियमों के तहत किया है। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता मो.रिजवान पीडब्ल्यूडी उत्तराखंड में अपर सहायक अभियंता हैं, ने दंडात्मक और कलंकपूर्ण स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें प्रशासनिक आधार पर पीडब्ल्यूडी निर्माण प्रभाग खटीमा से अस्थाई प्रभाग पीडब्ल्यूडी घनसाली उत्तरकाशी में स्थानांतरित किया गया है। याचिकाकर्ता मोहम्मद उस्मान का पुत्र है, मो उस्मान नैनीताल में हुए पोक्सो मामले में आरोपी हैं।

# योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कसारदेवी मंदिर परिसर में हरित योग का आयोजन किया गया। लोगों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। मौके पर जिला



आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. गणेश चंद्र उपाध्याय ने योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी। सीओ गोपाल जोशी ने योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कहा कि योग करने से शरीर की कई बीमारियां दूर होती है। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। वहीं प्राणायाम, मुद्रा, जप, प्रार्थना आदि का भी अभ्यास कराया। कहा मंदिर परिसर अध्यक्ष किशन सिंह मेहरा, मोहन रयाल, गोपाल सिंह, कुंदन मेहरा, डा. अनुपमा त्यागी, डा. दीपिका धर्मशक्तू, डा. ज्योति सागर, अंशुल रावत, ऋचा रावत, प्रीति कैतयूरा, अनामिका आशा, आशीष कुमार, योगा अनुदेशक ज्योति रैकवाल, पंकज मेहता, दुर्गेश तिवारी, शिब्बन मेहरा, डा. योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मां भगवती के दिव्य रूपों का बखान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से मां नयना देवी मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय

**मां नयना देवी मंदिर में भागवत कथा का आठवां दिन**

श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन मंगलवार को व्यास कपिल देव महाराज की ओर से भक्तजनों को अपने प्रवचनों में मां की महिमा का गुणगान किया। व्यास कपिल देव महाराज ने कथा प्रसंग में राजा हरिशचन्द्र की कथा दुर्गम दैत्य का वध तथा मां भगवती के शताक्षी, शाकंभरी तथा भ्रामरी दिव्य दिव्य



रूपों का बखान किया। उत्कृष्ट संगीतकारों तथा विद्वान आचार्यों के संग हल्द्वानी से पधारे लोग विख्यात कथाकार पूज्य महाराज ने मां नैना के भवन में आनंद उत्सव के संग कथा सुनाई।

दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह सपत्नीक बैठे। समारोह को सफल बनाने में ट्रस्ट के सचिव हेमंत शाह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, उपसचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत सदस्य मनोज चौधरी, महेश लाल साह सहित सुमन साह व अमिता साह, मंजू रौतेला व मुन्नी भट्ट आदि भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे। नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का बुधवार (आज) श्री मां नयना देवी मंदिर के 143वें स्थापना दिवस के विशेष मौके पर समापन होगा। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी के मुताबिक बुधवार (आज) ब्रह्ममूहुर्त में श्री मां नयना देवी की पूजा, उसके बाद सात बजे से कुल पूजा, 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक देव पूजन व पुर्णाहुति, दोपहर 12 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक कथा प्रवचन, व्यास पूजन, पुस्तक पूजन, कन्या पूजन के बाद ब्राह्मण पूजन होगा जबकि अपराह्न एक बजे से महाभंडारा होगा वहीं शाम को पांच बजे से लेकर रात को सात बजे तक भजन संध्या का विशेष आयोजन किया जाएगा।

# तहसील दिवस में उठाई समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तहसील दिवस के मौके पर मंगलवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने क्षेत्र की चार



प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर प्रभारी अधिकारी एसडीएम के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया और पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी भी मांगी। हेमन्त साहू व स्थानीय पार्षद प्रीति आर्य ने राजेन्द्र नगर क्षेत्र में शीघ्र सीवर लाइन निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सीवर लाइन न होने के कारण नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही साहू ने श्रमिकों के लिए श्रम कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में आ रही अड़चनों पर भी चिंता जताई और प्रशासन से इस प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से महिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। वहीं दूसरी ओर तहसील दिवस पर पूर्व सभासद शकील सलमानी के नेतृत्व में इंदिरानगर, बनभूलपुरा क्षेत्र की जनता ने बड़ी संख्या में भाग लिया और क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं जैसे बिजली, पानी, सफाई, पेंशन और जल निकासी की गंभीर समस्याओं को लेकर प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की। शकील सलमानी ने बताया कि इंदिरा नगर, बरसाती, दुर्गा मंदिर सहित कई क्षेत्रों में महीनों से पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। इंदिरा नगर की मुख्य सड़कों और गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, नालियां गंदगी और मलबे से पटी हुई हैं, और क्षेत्र में कई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। उन्होंने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

# मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के बैनर तले क्षेत्र की प्रमुख जन समस्याओं को लेकर



मंगलवार को तहसील दिवस के अवसर पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि शहर क्षेत्र की सड़कें बेहद जर्जर हो चुकी हैं, जो हल्की बारिश में ही जलभराव से तालाब में तब्दील हो जाती हैं। गलियों और सड़कों में पाइपलाइन बिछाने के बाद संबंधित विभाग उन्हें ठीक करने के बजाय खुला छोड़ देते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कठघरिया क्षेत्र की कई सड़कें पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में शिवम ठाकुर, लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, लक्ष्मी देवी, माया ठाकुर, प्रदेश रोहित दिवाकर, विकास चौहान, लीलाधर आर्या, मोहम्मद नबी आदि मौजूद रहे।

# एसटीएच में क्लब फुट पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन हुआ, जिसमें क्लब फुट (जन्मजात पैरों की विकृति) से ठीक हुए बच्चों के अभिभावकों ने 'थैंक्यू पोंसेटी, थैंक्यू एसटीएम' बैनर के साथ संस्थान का आभार जताया। इस अवसर पर अभिभावकों ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरूण जोशी से मुलाकात की और इलाज के दौरान मिले सहयोग और विशेषज्ञ सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। डा. जोशी ने बच्चों से संवाद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अस्थि रोग विभाग के प्रोफेसर डा. गणेश सिंह ने बताया कि विश्व क्लब फुट दिवस हर वर्ष 3 जून को मनाया




जाता है। इसका उद्देश्य क्लब फुट विकृति के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके उपचार की प्रभावी पोंसेटी विधि को जन-सामान्य तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें पैर अंदर की ओर मुड़े होते हैं, और यदि समय पर सही इलाज न हो तो यह स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। लेकिन अच्छी बात यह है कि पोंसेटी विधि से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। डा. सिंह ने बताया कि क्योर इंटरनेशनल संस्था के सहयोग से एसटीएम हल्द्वानी में क्लब फुट के उपचार पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, जिससे अब तक कई बच्चे सामान्य जीवन की ओर लौट चुके हैं।

# फाइलें कार्यालय में धूल फांक रही हैं

## कुमाऊं आयुक्त को डीडीए में अनियमितताओं का अम्बार मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल स्थित जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया जहां उन्होंने फाइलों में कई खामियां देखने को मिली। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सभी खामियां 10 दिन के भीतर दूर कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्राधिकरण अधिकारियों से लंबित वादों की जानकारी मांगी तो पता चला कि वर्ष 1999 से लेकर अब तक कई फाइल है अभी प्राधिकरण कार्यालय में धूल फाक रही है। जिसके चलते वादकारियों को



काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने कई वर्षों से प्राधिकरण में लटके वादों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को प्राधिकरण कार्यालय से कई फाइल गायब मिली जिस पर नाराजी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने तीन दिन के भीतर गायब फाइलों को उन तक पहुंचाने के आदेश भी दिए हैं। आयुक्त ने भवन मानचित्र स्वीकृति तथा अवैध भवनों के निर्माण पर की जा रही कार्यवाही तथा लंबित प्रकरणों की सुनवाई व अभिलेखों का डिजिटलइजेशन कार्य सहित कंपाउडिंग आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए अभिलेखों का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित वादों का निस्तारण करनेएअवैध निर्माण पर तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कार्यालय में दस्तावेजों का रख रखाव सही ढंग से करने और वादों को सूचीबद्ध तरीके से वर्गीकृत करते हुए अंकित करने के निर्देश दिए। कहा सबसे पुराने वाद का निस्तारण पहले हो प्राधिकरण कार्यालय में भवन मानचित्र स्वीकृत तय सीमा में हो यह जिम्मेदारी प्राधिकरण के अधिकारियों की है। लिहाजा अधिकारी सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत कार्य संपन्न करें।

### लंबित वादों के निस्तारण की होगी समीक्षा

**नैनीताल।** आयुक्त दीपक रावत ने मंडल के समस्त जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वह भी अपने अधीनस्थ न्यायालयों का भी निरीक्षण करते हुए लंबित वादों के निस्तारण की समीक्षा करें साथ उन्होंने उनसे विगत एक वर्ष में इन अधीनस्थ न्यायालयों में किए गए निरीक्षण की भी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि ऐसे कार्यालय जहां आम जनता के नियमित कार्य होते हैं उनका भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान लंबित ऑफलाइन तथा ऑनलाइन वादों की जानकारी भी ली। सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में कुल 2650 वाद लंबित हैं जिसमें 1502 वाद पुराने हैं जो ऑफलाइन हैं तथा 1148 वाद ऑनलाइन है जो विचाराधीन हैं। आयुक्त ने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी मामले लंबित हैं उनकी वर्षवार तथा श्रेणीवार सूची तैयार करते हुए सप्ताह भर में रिपोर्ट पेश करें।

### सुनवाई न करना गंभीर लापरवाही: दीपक रावत

**नैनीताल।** नैनीताल में प्राधिकरण ने कई अवैध निर्माण करता हूं और कंपाउंडिंग के मामले में 2019 से अब तक भी सुनवाई हेतु एक भी तिथि न देने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा सप्ताह में सभी वादकारियों को नोटिस जारी करे अपने न्यायालय में प्रत्येक दिन कम से कम 60-70 तक मामलों की सुनवाई करते हुए लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि लंबी अवधि तक सुनवाई हेतु तिथि न देना गंभीर लापरवाही है। लिहाजा एक सप्ताह के भीतर ऐसे प्रकरणों की सूची तैयार कर कारण सहित उन्हें उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में सूची प्राप्त न होने पर संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। आयुक्त ने कहा कि वादों का निस्तारण न करने एवं लंबी अवधि तक तिथि न देना अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देना है। अगले 10 दिन में ऐसे मामलों पर तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विपक्ष के घर जाकर तामिल कराएं।

### बारिश से प्रभावित रहा नैनीताल का जन जीवन

**नैनीताल।** प्री-मानसूनी बारिश से मंगलवार को नैनीताल शहर में जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश के पानी के साथ कूड़ा-कचरा नालों से बहता हुआ जीवनदायिनी नैनीझील में समा गया वहीं ओलावृष्टि ने भी नुकसान पहुंचा। मौसम के इस मिजाज से शहर में शाम को खासा ठंड महसूस की गई। बता दें नगर में मंगलवार को बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, सुबह जहां आसमान में घने बदल छाए हुए थे और हल्की धूप खिली थी वहीं कुछ देर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। सुबह साढ़े 11 बजे बारिश के साथ ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक यह दौर जारी रहा। इसके बाद दिन भर आसमान में घने बादल छाए रहे और शाम को साढ़े चार बजे से फिर से गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई। बादल और बारिश से शहर का तापमान भी गिर गया। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी कुछ दिन तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार को शहर का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालिका ने कराई नैनीझील की सफाई बारिश के बाद नैनीझील में नालों के जरिए भारी मात्रा में कचरा समा गया।

# फर्जी आधार कार्ड बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया, पुलिस ने व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया

**नैनीताल।** नैनीताल में फर्जी आधार कार्ड बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के मामले में मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी अमित लाल शाह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनका पैतृक निवास स्थान मकान नंबर 21 बड़ा बाजार मल्लीताल में है और अज्ञात व्यक्ति ने उनका आधार कार्ड बना हुआ है, जबकि उस व्यक्ति या उसके परिवार से उनका कोई संबंध नहीं है न ही कभी उक्त स्थान पर उनके निवास की अनुमति दी गई है। पुलिस को दी शिकायती पत्र में अमित का कहना है कि उनके घर के पते में अब्दुल अलीम खान पुत्र मोहम्मद सईद खान का आधार कार्ड संदिग्ध पाया गया। जिसमें शिकायतकर्ता के पते का उपयोग किया गया था। मामला सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने उपनिरीक्षक दीपक कार्की को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए मामले की गहनता से जांच की। जिसमें पता चला कि वर्ष 2015 से लेकर अब तक तक अब्दुल अलीम खान व उनके परिजनों द्वारा उपरोक्त पते का प्रयोग करते हुए आधार कार्ड बनवाए गएए तथा इन फर्जी पते वाले दस्तावेजों का उपयोग विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यों में किया गया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है साथ ही कोतवाली पुलिस ने संबंधित विभागों को पत्र लीख कर सूचित कर आधार कार्ड रद्द करने एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करने को कहा है।


## कार्यालय जिला पंचायत, चम्पावत।

पत्रांक: 1071/निविदा/जि0पं0च0/2025-26 दिनांक: 3 जून, 2025

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत चम्पावत द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि वर्ष 2025-26 के अर्न्तगत स्वीकृत निर्माण कार्य के सम्पादन हेतु विज्ञापन प्रकाशन कि तिथि तक जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का क्रय निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 17.06.2025 के 04:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किया जा सकता हैं। विक्रय की गयी निविदाओं को **दिनांक 18.06.2025 के 11:00 बजे से 12:00 बजे तक टैण्डर बाक्स में स्वीकार किया जायेगा, तथा दिनांक 18.06.2025 को 01:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा।**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख में) | धरोहर राशि 3 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य/जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत नौलापानी में प्रा0वि0 नौलापानी के समीप क्षतिग्रस्त पैदल पुलिया का पुर्ननिर्माण | 7.80 | 23,400 | 1000+180 | 4 माह |

**निविदा से सम्बन्धित शर्तें:-**

1. निविदा के साथ 3 प्रतिशत की जमानत धनराशि बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी अनिवार्य होगी। जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद की हो एवं अपर मुख्य अधिकारी के नाम बन्धक होना आवश्यकीय है। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी, तथा 7 प्रतिशत **धनराशि बॉण्ड के समय जमा करनी होगी। जमा न करने पर प्रथम भुगतान पर धनराशि की कटौती सम्बन्धित ठेकेदार के देयक से की जायेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करते समय एफ0डी0आर0 प्रस्तुत/जमा करनी आवश्यक होगी।**
2. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार प्रशासक /अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चम्पावत के पास सुरक्षित रहेगा।
3. निविदा के साथ 100 रू0 का नान जुडिसियल स्टाम्प पेपर लगाना आवश्यक होगा।
4. उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 223817, दिनांक 10.07.2024 में दिये गये निर्देशों के अनुसार जी0एस0टी0 से सम्बन्धित अदेय प्रमाण पत्र राज्य क्षेत्राधिकारी कर प्राधिकारी से प्राप्त कर संलग्न किया जायेगा। जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का हो। प्रमाण पत्र संलग्न न होने पर निविदादाता को अनर्ह घोषित किया जायेगा।
5. निविदा की दरें स्वीकृत प्राक्कलन की दरों से 5 प्रतिशत से अधिक कम होने पर शासनादेश संख्या 6447/III(2)II-20 (सा0) /11 दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी जमा करनी होगी, तथा (L1) द्वारा अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी जमा न किये जाने की स्थिति में निविदादाता की निविदा धरोहर धनराशि को जब्त करते हुए ब्लेक लिस्ट कर दिया जायेगा।
6. निविदा में प्रस्तुत दर अंको व शब्दों में स्पष्ट अंकित होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवराइटिंग में प्रस्तुत दरें मान्य नहीं होगी।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
जिला पंचायत, चम्पावत।

## आईपीएल-2025 फाइनल मुकाबला

# बेंगलुरु ने पंजाब को 191 का लक्ष्य दिया

- विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए, अर्शदीप ने आखिरी ओवर में तीन विकेट लिए
- फाइनल देखने पहुंची अनुष्का शर्मा, टीमों ने लीग स्टेज में 9-9 मैच जीते, भारी संख्या में पहुंचे दर्शक



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल फाइनल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 191 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में बेंगलुरु की ओर से विराट को. हली ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। हालांकि, जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए।

पंजाब की ओर से काइल जेमिसन ने 3 और अर्शदीप ने 3 विकेट लिए। अर्शदीप को तीनों विकेट आखिरी ओवर में मिले। आईपीएल का 18वां सीजन खेल रही इन दोनों टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी पहला फाइनल खेल रही है। उधर, पंजाब भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और रोमारियो शेफर्ड को पवेलियन की राह दिखाई है। उन्होंने महज 3 रन दिए। 18वें ओवर की चौथी बाल पर विजयकुमार वैशाख ने जितेश शर्मा को 24 रन पर बोल्ड कर दिया। वैशाख ने 134 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से सीम-अप लेंथ बाल चौथे स्टंप लाइन पर फेंकी। जितेश ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले से लगकर पिछले पैर पर गई और फिर स्टंप्स को हल्का सा छू गई। बेल्स गिर गईं। व्यासक ने जश्न मनाने के लिए हाथ उठाया लेकिन फिर खुद को रोक लिया। इसी ओवर में प्रवीण दुबे से रोमारियो शेफर्ड का कैच ड्राप हुआ। 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने काइल जैमिसन की बाल पर 3 छक्के मारे। इसी ओवर की 5वीं बाल पर लियम लिविंगस्टन पगबाधा हो गए। उन्होने 25 रन बनाए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। काइल जैमिसन के ओवर की पहली बाल पर जितेश शर्मा ने छक्का लगाकर टीम को 150 पार पहुंचाया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने चौथा विकेट गंवाया। यहां विराट कोहली 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने अपनी ही बाल पर कैच किया। 12वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कोहली ने चहल की 5वीं बाल पर दो रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रजत पाटीदार 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन स्टॅं किया। उन्होंने फिल साल्ट द्ध16 रनत्र को पावरप्ले में कैच कराया था। बेंगलुरु ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां युजवेंद्र चहल ने मयंक अग्रवाल को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। चहल ने मयंक को आईपीएल में 8वीं बार आउट किया है। चहल ने अपने पहले ओवर में विकेट हासिल किया है। फाइनल में आरसीबी की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने अपना पहला विकेट फिल साल्ट के रूप में 18 रन पर गंवा दिया। साल्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जेमिसन ने पवेलियन भेजा। इसके बाद कोहली और अग्रवाल ने मिलकर पारी संभाली। आरसीबी ने दूसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल काइल जैमिसन ने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पोजिशन पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच हो गए। साल्ट ने 9 गेंद पर 16 रन बनाए। पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने वाइड से शुरुआत की। फिल साल्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लगाया। ओवर से 13 रन बने। 18 सीजन में आरसीबी चौथा ही फाइनल खेल रही है। टीम ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में भी खिताबी मुकाबले खेले। हर बार टीम ने बाद में बैटिंग की, उन्हें अब पहली बार फाइनल में पहले बैटिंग करने का मौका मिला। 2025 से पहले टीम ने 2 बार टास हारा था, वहीं 2009 में टॉस जीतकर बालिंग चुनी थी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को 2014 में टॉस हारकर पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। टीम ने अब टास जीता और पहले बालिंग चुनी। टॉस के दौरान दोनों कप्तानों के साथ मौजूद रहे कामेंटेटर रवि शास्त्री ने गलती से कह दिया कि पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। जबकि श्रेयस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।







## गुकेश ने हमवतन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को हराया

**जीत के साथ ही गुकेश के 11.5 अंक हो गए है और वे चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। यह टूर्नामेंट में गुक. ेश की लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही गुकेश के 11-5 अंक हो गए हैं और वह चैंपियनिशप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। अमे. रिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली को चीन की लेई टिंगजी से हार का सामना करना पड़ा।



## जोकोविच ने नोरी को दी मात

**नोवाक ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के केमरून को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की**



**पेरिस, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच ने फेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। वहीं कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा। मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की और 2017 के बाद से रोलांड गैरोस के अंतिम आठ में पहुँचने वाली पहली फांसीसी महिला बन गईं। एक अन्य मैच में अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने रूस की एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 6-0, 7-5 से हराया।

### खेल विशेष

## रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित हुई



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहत. रीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं। पुरुष वर्ग में स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और अमेरिका के मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दावेदारी की है।

## इंडिया-ए व इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफियल टेस्ट ड्रा

**कैंटरबरी, वार्ता।** इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रा हो गया। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन शुक्रवार को इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बालिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया। दूसरा मुकाबला 6 जून से खेला जाएगा।



## न्यूजीलैंड क्रिकेट की केन्द्रीय अनुबंध सूची में चार नए चेहरे शामिल

**विलियमसन, कॉन्वे, फिल, लॉकी ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनु. बंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई।

इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है। उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है। नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्धशतक बनाया था। फॉल्क्स ने दस टी-20 मैच खेले हैं और पिछले वर्ष श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एकदिवसीय में पदार्पण किया था। अशोक ने 2023 में तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ टीम का हिस्सा थे और हाल ही में न्यूजीलैंड ए के बंगलाद. ेश दौरे पर उन्होंने चार दिवसीय मैच में 54 रन देकर पांच विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। न्यूजलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने नए केन्द्रीय अनुबंध को लेकर कहा कि मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे साथ आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं।



## 'डुबकी किंग'

# परदीप नरवाल ने लिया संन्यास

- परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, उन्होंने कबड् डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया है

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर परदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा, ह्सच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोरि. चंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया। वह पीकेएल में 1000 और 1500 रेड प्वाइंट्स पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने 2016 कबड्डी वर्ल्ड कप, 2017 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स जीते। परदीप को उनकी खास चाल 'डुबकी' की वजह से प्यार से उन्हें डुबकी किंग कहा जाता है। उन्होंने कुल 190 मैचों में 1801 रेड प्वाइंट्स लेकर प्रो कबड्डी के सबसे सफल रेडर के रूप में संन्यास लिया। पटना पाइरेट्स के अलावा परदीप ने बेंगलुरु बुल्स और यूपी योद्धा के लिए भी खेला है।

## रुद्रांश, संजीव और आमिर की टीम ने डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में जीता रजत पदक

**व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीएस) 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

## पुलिस पर तमंचा तानने वाले नाबालिग आरोपी को दबोचा था

# कांस्टेबल राकेश राणा को कप्तान ने दी शाबासी

### 2500 रुपये का नकद इनाम देकर सिपाही का बढ़ाया हौसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई। जब कथित पंचायत के बहाने इकट्ठा हुए छुटभैयों में से एक नाबालिग ने पुलिस पर तमंचा तान दिया। लेकिन खाकी के हौसले के आगे गुंडागर्दी फीका पड़ गई। कांस्टेबल राकेश राणा ने जान की परवाह किए बिना तमंचाधारी युवक को मौके पर ही दबोच लिया। साथी को छुड़ाने आए अन्य युवकों को खदेड़ने के लिए एसआई नवीन कुमार ने हवाई फायर किया, जिससे अन्य संदिग्ध बदमाश मौके से भाग खड़े हुए।

घटना बीते दिन की है, जब तहसील चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे उपनिरीक्षक नवीन कुमार और कांस्टेबल राकेश राणा ने रघुनाथ के प्लॉट के पास एक दर्जन से अधिक युवकों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। पास जाकर पूछताछ करने पर एक नाबालिग ने पुलिस पर तमंचा तान दिया। बिना देर किए, बाइक पर पीछे बैठे कांस्टेबल राकेश राणा ने छलांग लगाकर बहादुरी से नाबालिग को दबोच लिया। अन्य लड़कों ने उसे छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन कांस्टेबल राणा ने बहादुरी दिखाते हुए युवक को कसकर पकड़े रखा। स्थिति बिगड़ते देख नवीन कुमार ने सर्विस रिवॉल्वर से एक राउंड हवाई फायर किया। फायरिंग से घबराए बाकी युवक मौके से फरार हो गए। पूछताछ में सामने आया गैंगवॉर का एंगल.....पूछताछ में खुलासा हुआ कि पकड़ा गया नाबालिग अपराधी भगवानपुर और गंगनहर थाने में हत्या के प्रयास, धमकी और मारपीट जैसे मामलों में वांछित है। इस पंचायत में दो पक्षोंक्षसक्षम पंडित और रोनितख्र की पुरानी रंजिश के चलते गुटबाजी की आशंका जताई गई। पूछताछ में कई नाम जैसे सक्षम पंडित, टोनू उर्फ जसबीर, जयंत, हर्ष चौधरी, अनास मलिक, रावण मुंडलाना और बल्ली सामने आए हैं। कांस्टेबल राकेश राणा की बहादुरी पर एसएसपी ने बढ़ाया हौसला.. ..घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने घायल कांस्टेबल राकेश राणा का अस्पताल में हाल जाना और बाद में कैंप कार्यालय में मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान एसएसपी ने कांस्टेबल को 2500 रुपये नकद इनाम देकर सम्मानित किया और उनके साहस को अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक बताया। सघन चेकिंग अभियान जारी, आरोपियों की तलाश में दबिशें....फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस कथित पंचायत की आड़ में संभावित गैंगवॉर की साजिश रची जा रही थी, जिसे समय रहते नाकाम कर दिया गया। मुख्य आरोपी और उनका आपराधिक इतिहास.....सक्षम पंडित पुत्र मनोज शर्मा कोतवाली गंगनहर व ज्वालापुर में हत्या प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट समेत कुल 5 गंभीर मामले दर्ज है। पकड़ा गया नाबालिग पर गंगनहर व भगवानपुर थानों में हत्या के प्रयास व धमकी समेत कई मुकदमे दर्ज है। टोनू उर्फ जसबीर पुत्र मैनपाल निवासी मुण्डलाना के खिलाफ हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में हत्या का प्रयास, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, डकैती, लूटपाट, मारपीट जैसे संगीन अपराध में 20 से अधिक मुकदमे है।

❖नाबालिग बच्चे भी गैंगवार की तरह दे रहे वारदात को अंजाम, तमंचाधारी का पहले से है आपराधिक इतिहास

❖उपनिरीक्षक के हवाई फायर करने पर हुए थे झगड़ालू युवक फरार



# पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** बुग्गावाला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 5 लीटर अवैध देशी शराब के साथ पकडकर कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नशा मुक्त देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा थानास्तर पर अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त क्रम में दिनांकों 02.06.25 को पुलिस टीम द्वारा रायघाटी का पूर्वो किनारा से आरोपी सुनील पुत्र राजपाल निवासी रसूलपुर टोंगिया थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को 05 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी से बरामदगी अवैध देशी शराब के आधार पर थाना हाजा पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।'नाम पता आरोपी सुनील पुत्र राजपाल निवासी रसूलपुर टोंगिया थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार है।

**वहीं दूसरी ओर बुग्गावाला** थाना पुलिस ने एक फरार वारंटी को दबोच कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के अनुपालन के क्रम में गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी गुरहान उर्फ बुरहान पुत्र शमीम नि0 खेडी शिकोहपुर डोईवाला देहरादून दबोच लिया जिसकी तलाश हेतु पूर्व में सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, परंतु वारंटी शातिर किस्म का अपराधी था, जिस कारण गिरफ्तारी से बचने के कारण लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

## ईद-उल-अजहा एक अजीम त्योहार

# इबादत के साथ मिलजुल कर मनाएं: मौलाना अरशद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर मदरसा अरबिया रहमानिया के पूर्व प्राचार्य मौलाना अरशद कासमी ने कहा कि यह त्यौहार मुसलमानों का बहुत ही अजीम त्यौहार है,जिसे पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम के द्वारा अपने बेटे को अल्लाह की राह कुर्बान किए जाने की याद में मनाया जाता है, हालांकि अल्लाह को उनकी ये कुर्बानी इतनी पसंद आई कि अल्लाह ने हजरत इब्राहिम के बेटे की जगह एक दुम्बे को भेज दिया।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहिम की सुन्नत है, जो इस्लामी महीने के आखिरी महीने में आती है।कुर्बानी करना अल्लाह की रजा को हासिल करना है। कहा की कुर्बानी करते समय हमें कुछ खास बातें भी ध्यान रखनी चाहिए। वही हमें गरीबों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। कुर्बानी को चारदीवारी के अंदर करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि किसी दूसरे की भावना आहत न हो, इसके लिए सोशल मीडिया पर किसी भी पशु की कुर्बानी का वीडियो या फोटो वायरल ना किया जाए तथा प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना की जाए और कुर्बान कीये गए जानवरों के अवशेष इत्यादि को खुले में ना डालें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और इस त्यौहार को एक इबादत के तौर पर मिलजुल कर मनाया जाना चाहिए।

❖प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न की जाए और खुले में अवशेष न डालें



## लक्सर में तहसील दिवस पर एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

# अब्दीपुर में सरकारी जमीन से पेड़ काटने का मुद्दा गूंजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर मे आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें एसडीम ने लोगों की जन समस्याएं सुनी है। आज तहसील दिवस में ग्राम अब्दीपुर मे सरकारी जमीन से लाखों रुपए के पेड़ काटने का मुद्दा छाया रहा। रविंद्र सिंह अब्दीपुर ने कहा कि जो सरकारी जमीन से पेड़ काटे गए हैं यह वारदात तीसरी बार हो गई है सूचना के बाद भी संबंधित अधिकारी मौन बने हुए हैं सरकारी जमीन से पेड़ काटने वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब्दीपुर निवासी राजपाल ने कहा कि इस जमीन को 2022 में लक्सर एसडीएम द्वारा हदबंदी कराकर खाली करा दी गई थी उसके बाद फिर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस जमीन का उच्च न्यायालय नैनीताल में कैस विचाराधीन है उसके बाद भी सौलानी नदी व वन विभाग की 131 नंबर भूमि पर 15 दिन में दो बार लाखों रुपए के पेड़ काट लिए गए हैं जिसकी शिकायत रविंद्र सिंह अवदीपुर के द्वारा तहसील दिवस में की गई है। उन्होंने कहा एसडीएम ने कहा कि जांच की जा रही है जांच आने के बाद संबंधित कार्रवाई की जाएगी। उप जिला अधिकारी सौरभ अस्वाल ने कहा कि आज तहसील दिवस में 40 शिकायत आई हैं आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है और बाकी संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेज दी गई है। उन्होंने अवदीपुर सरकारी भूमि से पेड काटे गए पेड़ के बारे में कहा कि जांच आने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



# हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से श्रमिक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** रायसी में निर्माणाधीन पुलिस चौकी में काम कर रहे श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। इस दौरान लक्सर-बालावाली मार्ग पर जाम लगाने का भी प्रयास किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

लक्सर-बालावाली हाईवे पर रायसी में पशु चिकित्सालय के पास रायसी पुलिस चौकी के नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। खडंजाकुतुबपुर गांव निवासी अशद (28) यहां निर्माण करा रहे ठेकेदार के पास मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम काम खत्म होने के बाद अशद निर्माणाधीन भवन की छत पर मौजूद था। इस दौरान वह यहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर उसके परिजन और ग्रामीण मौके पर आ गए। अशद के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मौके पर हंगामा किया। इस दौरान जाम लगाने का भी प्रयास किया गया। इसके वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इस बीच रायसी चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी और एसआई दीपक चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। **सरिए से फल तोड़ने के प्रयास में गई जान-प्रत्यक्षदर्शियों** के अनुसार काम खत्म होने के बाद अशद निर्माणाधीन भवन के पास लगे पड़े से बेल तोड़ने का प्रयास कर रहा था। फल दूर होने पर उसने यहां पड़ा एक सरिया उठाकर तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान सरिया यहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की को छू गया और अशद करंट की चपेट में आ गया।

**वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस** ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से छह दिन पूर्व हुई चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के सिक्खर गांव निवासी अमन कुमार ने 28 मई को पुलिस को तहरीर देकर घर में चोरी किए जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर घेराबंदी करके एक युवक को अब्दुल कलाम चौक से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना कबूल किया है।

# पुलिस ने दो युवक दबाचे, चोरी का सामान बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने दो युवकों को दबोच कर क्षेत्र में हुई एक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार राहुल कोटियाल पुत्र राधा वल्लभ कोटियाल निवासी प्रताप कालोनी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 29/06/25 को घर के अन्दर रखे टी0वी0, सोने के जेवरात,कपड़े, डाक्यूमेन्ट को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 183/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विषलेशण किया गया जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। तथा क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को दिनांक-02/06/2025को मुखबिर की सूचना पर 02 आरोपी 1.राहुल पुत्र धारासिंह निवासी रायपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार 2.अनुष उर्फ कालू पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम रायपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को मय चोरी क्या गया एक एलईडी टीवी सैमसंग व 2220/-रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। अभि0गणो का न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। तजकरा पूछताछ-अभियुक्तगण राहुल व अनुष द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 04 दिन पहले प्रताप कालोनी भगवानपुर में रात्रि में एक बन्द घर का ताला तोड़कर घर से एलईडी टीवी, घड़ी, जैकेट, कपड़े, स्पीकर, अंगूठी व अन्य सामान तथा पैसे चोरी करना बताया तथा बरामद एलईडी टीवी तथा 2220/-रुपये उक्त चोरी से सम्बन्धित अपने हिस्से के बताना तथा शेष चोरी का सामान सहअभियुक्तों के पास होना बताया। पुलिस टीम का विवरण1- उ0नि0 सुभाषचन्द 2-हे0कानि0 सुन्दरलाल ख्रथाना भगवानपुर 3-हे0कानि0 गीतम ख्रथाना भगवानपुर 4-कानि0 रविन्द्र राणाख्रथाना भगवानपुर शामिल रहे।



## अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को भगवानपुर व नारसन क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही पांच कॉलोनियों की चहारदीवारी को नष्ट करा दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। एचआरडीएम की ओर से अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को प्राधिकरण की एक टीम भगवानपुर पहुंची। टीम ने भगवानपुर के सिरचंदी में पांच बीघा खेतिहर भूमि पर कॉलोनी के लिए की गई प्लॉटिंग की जानकारी ली लेकिन भूमि स्वामी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसपर टीम ने चहारदीवारी को ध्वस्त करा दिया। साथ ही नोटिस जारी भी जारी किया है। इसके बाद टीम ने चुड़ियाला में सात बीघा भूमि पर की गई प्लॉटिंग को देखा। इसे भी ढहा दिया गया। साथ ही खानपुर रोड पर भी दो बीघा भूमि पर अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी को ध्वस्त करा दिया गया। एचआरडीए की एक टीम नारसन पहुंची, यहां 30 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कराया। इसके अलावा नारसन में ही बीएसएनएल कार्यालय के विकसित की जा रही कॉलोनी के कुछ क्षेत्र, जिस पर बिना अनुमति प्लाटिंग की जा रही थी। उसे भी एनआरडीए की जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया है। एई डीएस रावत ने बताया कि बिना अनुमति कॉलोनियों के लिए की गई प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# कोविड आ चुका, लेकिन सिविल अस्पताल में सुविधाओं का अभाव, सीएमएस से मिले कांग्रेसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** अस्पताल में मरीजों को सुविधाओं की कमी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सीएमएस से भेंट की। उन्होंने कोविड को देखते हुए अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ाए जाने की मांग की। साथ ही अस्पताल से चोरी हुए उपकरणों के मामले में प्रबंधन की बड़ी लापरवाही बताया।

रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचे यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रणय प्रताप ने कहा कि कोविड एक बार फिर से वापस आने को है लेकिन सिविल अस्पताल सुविधाओं के नाम पर जीरो है। यहां चिकित्सकों की भारी कमी है और फिजियशन,रेडियोलॉजिस्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि तो लंबे समय से अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इसे सरकार की नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि कोविड की दूसरी लहर के बाद सिविल अस्पताल में ढाई करोड़ की लागत से आईसीयू तैयार किया गया था और डेढ़ करोड़ की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था लेकिन अफसोस की बात है कि आईसीयू के ऐसी ही चोरी हो गए और प्लांट भी लंबे समय से बंद है उन्होंने जल्द इन्हें संचालित किए जाने की मांग की। युवा कांग्रेस नेता शौर्य प्रताप ने कहा कि रुड़की सिविल अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है किसी दुर्घटना या अन्य मामलों में आने वाले मरीजों को यहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया जाता है। जिस कारण आज तक कई लोगों की जान हायर सेंटर पहुंचने से पहले ही जा चुकी है। वहीं सीएमएस संजय कंसल ने कहा कि चोरी हुए उपकरणों के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है और अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति भी जल्द होने की संभावना है। इस अवसर पर शिव शर्मा, चिराग अरोड़ा, गौरव राणा, महेश धीमान, शाह नजर गौर, आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सुनील राठी की पेशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** डिप्टी जेलर हत्याकांड मामले में कुख्यात सुनील राठी की रुड़की रामनगर कोर्ट में पेशी हुई। इसके साथ ही एक अन्य मामले मे सुनील राठी की मां राजबाला की भी कोर्ट में पेशी हुई। इस दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा चाक चौबंद की गई थी। पुलिस और खुफिया विभाग की टीम अलर्ट रही। सोमवार को कुख्यात सुनील राठी की रामनगर स्थित एडीजे प्रथम की अदालत में पेशी कराई गई। सुनील राठी की वर्ष 2011 में रुड़की उपकारागार के डिप्टी जेलर नरेंद्र खंपा की हत्या के मामले में पेशी थी। जिस समय रुड़की उपकारागार के डिप्टी जेलर नरेंद्र खंपा की हत्या हुई थी। उस दौरान सुनील राठी रुड़की की जेल में बंद था। वहीं एक अन्य मामले में सुनील राठी की मां राजबाला की भी पेशी थी। कुख्यात सुनील राठी इस समय पौड़ी जेल में बंद है। सुनील राठी को पौड़ी की जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच रुड़की की रामनगर कोर्ट में लाया गया। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। पुलिस और सीआईयू की टीम कोर्ट परिसर में प्रत्येक आने जाने वाले व्यक्ति पर नजर रख रही थी। किसी को उससे मिलने नहीं दिया गया। पेशी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसे वापस ले जाया गया।

# स्लाटर हाउस से लोहा चोरी

**मंगलौर** चोरों ने रविवार रात स्लाटर हाउस से एक क्विंटल लोहा चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। सोमवार को मंगलौर कस्बे के मोहल्ला पठानपुरा निवासी अजीम हुसैन ने पुलिस को बताया कि मंगलौर-पीरपुरा मार्ग पर नगर पालिका की ओर से बनवाई जा रही आधुनिक स्लाटर हाउस का निर्माण कार्य उनकी फर्म एचएम एग्रो फूड्स ने किया है जो अब बंद पड़ा है। वधशाला में करोड़ों रुपये कीमत की मशीनें व लोहा पड़ा हुआ है। इसकी देखभाल के लिए एक चौकीदार है। सुबह चौकीदार ने फोन कर सूचना दी कि एक क्विंटल लोहा चोरी हो गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर आई है। चोरी की घटना की जांच की जा रही है।

## विकसित भारत का अमृत कालः सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में की अभूतपूर्व प्रगतिः जयपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृत काल-सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मोदी सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन जन तक पहुचना है।

जानकारी के अनुसार कार्यशाला में राज्य मंत्री जयपाल सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने देश की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने युवाओं से इस विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत को साकार करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी पहलुओं को गिनाया और बताया कि किस प्रकार इन योजनाओं से गरीब वर्ग को सशक्त किया गया है। मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने कहा कि नगर निकायों को सशक्त बनाने और स्वच्छता मिशन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मोदी सरकार की नीति अत्यंत सफल रही है। रुड़की नगर निगम ने केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर नगर को विकसित शहरों की सूची में लाने का कार्य किया है।राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि देश में राजनीतिक शुचिता, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई मिसाल मोदी सरकार ने पेश की है। उन्होंने कहा कि सेवा और सुशासन के साथ गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर जो कार्य हुए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने कहा कि मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी है। ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण, छात्रवृत्ति, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि ने इस वर्ग को नई पहचान और सम्मान दिलाया है।

राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति ने भी मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां के बारे में चर्चा की कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम संयोजक संजय अरोड़ा ने किया। कार्यशाला में कार्यक्रम सहसंयोजक, प्रदीप पाल, रवि राणा, प्रवेश प्रिया , सुशील त्यागी, भीम सिंह, सावित्री मंगला, सतीश सैनी, देवी सिंह राणा, देशपाल रोड, अनीस गॉड, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी मानवेंद्र सिंह,गीता कार्की, राजबाला सैनी, पंकज नंदा, सुशील रावत, अरुण लोहान, मनोज मुंडलाना, आलोक गौतम, सुमित अग्रवाल, राम गोपाल कंसल, मनोज नायक, सुनील साहनी, दिनेश कौशिक, प्रदीप त्यागी, राजबाला सैनी, अवनीश शर्मा, विराट गोयल, भूपेंदर सैनी, नितिन गोयल, संदीप रघुवंशी, गौरव मोहन सैनी, गुरजिंदर सिंह, सुरेश सैनी, संदीप पुरी, आशीष कुमार, भगत सिंह, अशोक कुमार पांडे, विकास पाल, शोभित गुप्ता, बी एल अग्रवाल,संजय त्यागी, नरेंद्र जैन, राजेश सैनी, सुदेश चौधरी, प्रतिभा चौहान, हितेश शर्मा, मोहित राष्ट्रवादी आदि उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

बुधवार, 4 जून 2025

## संसद सत्र की मांग

मंगलवार को एक बार फिर इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग–थलग करने में देश कितना सफल रहा, इस पर चर्चा व जानने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग प्रधानमंत्री से एक पत्र लिखकर की गई। पत्र लिखने से पूर्व इंडिया समूह की एक बैठक हुई। जिसमें 16 दलों ने हिस्सा लिया। पत्र में 16 दलों के नेताओं के ही हस्ताक्षर हैं। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुख, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कान्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हिस्सा लिया। दिलचस्प बात यह रही कि इसमें आप, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने हिस्सा नहीं लिया। विपक्ष पहले ही मांग करता रहा है कि संसद का सत्र बुलाना चाहिए और सरकार को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में हमने किस तरह की उपलब्धि हासिल की है। इन सब नेताओं का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले की बाद की स्थिति और सांसद के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानी में भेजकर आतंकवाद पर अपना पक्ष रखने के लिए भेजा जा रहा है। विपक्ष यह भी जानना चाहता है कि यह प्रतिनिधिमंडल कितना सफल रहा, इस पर भी देश को बताना चाहिए। विपक्षी इंडिया समूह के नेताओं की शिकायत है कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता। इंडिया समूह के नेताओं का मानना है कि संसद सत्र बुलाना आवश्यक है। ताकि सांसदों और देश को पूरे घटनाचक्र की जानकारी मिल सके। जैसेकि बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, शिवसेना उद्धव गुट के संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई सवाल खड़े किए। सपा के रामगोपाल यादव ने यहां तक कहा कि पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर हमला और फिर पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई हुई, उसमें कितने सफल हुए। उन्होंने जानना चाहा कि किन देशों ने इस कार्रवाई में हमारा साथ दिया। उन्होंने खुद ही जवाब भी दे डाला। इस कार्रवाई के दौरान एक भी देश भारत के समर्थन में नहीं आया, जबकि पाक का कई देशों ने खुलकर समर्थन किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल रहा, लेकिन यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि भारत में इसको लेकर जमकर राजनीति हो रही है और सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही इस पर जमकर राजनीति करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी राजनीति के चलते ही देश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। यह भ्रम के बादल तभी छंट सकते हैं जब खुले विचारों के साथ इस पर चर्चा हो और चर्चा के लिए संसद से बेहतर स्थान कौन सा हो सकता है। यूं भी सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

### हमें मनाने की जरूरत नहीं है



संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई, हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है, हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी, हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था, अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी, उन्हें मनाना पड़ता, हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, यही मूल संदेश है।

**–शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

## पृथ्वी पर मिली जीवों की नई प्रजातियां

हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस .ष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

### खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुई–**

- ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
- इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
- भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
- मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
- ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
- गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

### नीली आंखों वाला जंगल बिलाव
**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

### गूंजती आवाज वाला मेढक
**(Echo Tree Frog)**



अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

### दूधिया रंग की गुफा मछली
**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

### कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी
**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

### गायन करने वाला चमगादड़
**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

### बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी
**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

### रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी
**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

### सुनहरी आंखों वाला अजगर
**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव–जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी–कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ–साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं।

साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे जिन्हें जानने का अवसर भी हमें कभी नहीं मिलेगा। आने वाले वर्षों में उम्मीद की जाती है कि और भी प्रजातियां प्रकाश में आएंगी, बशर्ते हम अपनी पृथ्वी और उसके जीवन को बचाने के लिए समर्पित रहें।



> “ पृथ्वी पर गिरगिट की 200 से ज्यादा प्रजातियाँ हैं और यह खूबसूरत गिरगिट सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। इसके आवास के लिए खतरे बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए हजा जैसे समर्पित संरक्षणवादियों के प्रयासों के बिना, यह प्रजाति हमारे जीवनकाल में लगभग निश्चित रूप से विलुप्त हो जाएगी।

## तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव

**तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है। लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है। प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निसंदेह उनकी भी छवि भारत विरा. धी ही रही है लेकिन इनमें खास यह है कि यह राजनी. तिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है।**

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमश: राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृह मंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदू वादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदू वादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबड़ा गई। अंतत: हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया। दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में जबरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलन कारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की,कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए वैन कर दिया लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग–अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिली जुली साझा सरकार भले ही है लेकिन ए जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं। अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस ले कर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है। एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनारिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उनपर गहरा असर पड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बढ़ते तापमान से महिलाओं में बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तापमान बढ़ने के साथ महिलाओं में स्तन, अंडाशय द्धओवरीत्र्, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामले और मौतें दोनों बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकर्ताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्र, ईरान, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे। गौरतलब है कि ए सभी देश जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और पहले ही तापमान में तेजी से होती वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वहीं आशंका है कि इस क्षेत्र में 2050 तक तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इन देशों में स्तन, अंडाशय, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मौतों से जुड़े आंकड़ों को भी जुटाया है और उनकी तुलना 1998 से 2019 के बीच बढ़ते तापमान से की है।

**गर्मी और कैंसर के बीच है नाता**

शोध के नतीजे दर्शाते हैं कि तापमान में वृद्धि के साथ मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में स्तन, अंडाशय, सर्वाइकल और गर्भाशय कैंसर के मामले भी बढ़े हैं। वहीं कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों में यह बढ़ोतरी सबसे अधिक देखी गई। यह वो देश हैं जो साल दर साल भीषण गर्मी का सामना करते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ए चारों तरह के कैंसर कहीं ज्यादा आम और घातक हो रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल फंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन से पता चला है कि तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ महिलाओं में कैंसर के मामलों में प्रति लाख लोगों पर 173 से 280 मामलों तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें अंडाशय का कैंसर सबसे ज्यादा, जबकि स्तन कैंसर सबसे कम बढ़ा है। बढ़ते तापमान की वजह से सिर्फ कैंसर के मामले ही नहीं बढ़ रहे, इनसे होने वाली मौतों में भी इजाफा दर्ज किया गया है। आंकड़ों से पता चला है कि तापमान में हर डिग्री की बढ़ोतरी के साथ प्रति लाख लोगों पर होने वाली मौतों में 171 से 332 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**किन देशों में बढ़ा खतरा?**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया में दर्ज की गई है। हालांकि साथ ही अध्ययन में यह भी सामने आया है कि यह वृद्धि सभी देशों में एक समान नहीं थी। उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख लोगों पर 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह बढ़ोतरी 330 रिकॉर्ड की गई।

**क्यों बढ़ रहा है खतरा?**

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अध्ययन दिखाता है कि बढ़ता तापमान इन कैंसरों की एक वजह हो सकता है। हालांकि हर देश में इसका प्रभाव अलग–अलग देखा गया। इसका मतलब है कि तापमान के अलावा भी कुछ और कारण कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी के साथ हानिकारक वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जो कैंसर को फैलने



में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि बढ़ती गर्मी के साथ कई तरह से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। यह लोगों को कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स के संपर्क में लाता है। इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं, जिससे समय पर जांच और इलाज नहीं मिल पाता। बढ़ती गर्मी शरीर की कोशिकाओं पर भी असर डाल सकती है। ए सभी कारण मिलकर समय के साथ कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।

**गरीब महिलाएं सबसे बड़ी शिकार**

काहिरा की अमेरिकन यूनिवर्सिटी और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता डॉक्टर सुंगसू चुन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ष्महिलाएं प्राकृतिक रूप से खासकर गर्भावस्था के दौरान जलवायु से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता उनके जोखिम को और बढ़ा देती है। जो महिलाएं हाशिए पर जीवन जी रही हैं, वे कहीं अधिक प्रदूषण और पर्यावरणीय खतरों के संपर्क में आती हैं और उनके लिए समय पर जांच या इलाज नहीं मिल पाना मुश्किल होता है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान दुनिया के लिए पहले ही बड़ा खतरा बन चुका है। इससे सेहत पर असर पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से खाने–पीने की चीजों की कमी और दूषित हवा की वजह से बीमारियों और मौतों का खतरा दुनिया भर में बढ़ रहा है। प्राकृतिक आपदाएं और अचानक से बदलता मौसम स्वास्थ्य सेवाओं समेत जरूरी बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर के मामले में, इसका मतलब है कि लोग ज्यादा जहरीले प्रदूषण के संपर्क में आते हैं और उन्हें सही समय पर जांच व इलाज नहीं मिल पाता। इन सभी कारणों से गंभीर कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसका सही आंकलन करना मुश्किल है। अध्ययन के मुताबिक कैंसर के ज्यादा मामलों के सामने आने को बेहतर जांच प्रणाली से जोड़ कर भी देखा जा सकता है। लेकिन अगर जांच बेहतर हुई होती, तो मौतें भी कम होतीं क्योंकि शुरुआती चरण में कैंसर का इलाज आसान होता है। लेकिन यहां मामले और मौतें दोनों बढ़े हैं, जिससे लगता है कि असली कारण कहीं ज्यादा लोगों के जोखिम भरे कारकों से संपर्क में आना है। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को स्वास्थ्य योजनाओं में तुरंत शामिल किया जाना चाहिए, ताकि इससे जुड़ी बीमारियों से निपटने की बेहतर तैयारी हो सके। वैज्ञानिकों ने जोर दिया है कि कैंसर की समय पर जांच के लिए स्क्रीनिंग कार्यक्रम को सशक्त किया जाना चाहिए। साथ ही जलवायु के प्रति मजबूत स्वास्थ्य तंत्र तैयार करने की जरूरत है। प्रदूषण और कैंसर की वजह बनने वाले जन्य कारकों के संपर्क को कम किए जाने की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर इन उपायों को नहीं अपनाया गया, तो जलवायु परिवर्तन के साथ कैंसर का खतरा और ज्यादा बढ़ता जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर: सिर्फ पाक ही जानता है नुकसान का अंदाजा

## खुलासा: भारत ने जितना बताया उससे कहीं अधिक ठिकानों को सेना ने बनाया निशाना

**इस्लामाबाद।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावा, 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था।

हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज (डोजियर) में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था। इससे जुड़े डोजियर में उसने स्वीकार किया है कि भारत ने सात अतिरिक्त ठिकानों पर भी हमले किए। डोजियर में दिखाए गए नक्शों में पेशावर, झांग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटक और छोर इलाकों पर हमले दिखाए गए हैं।

- पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था
- पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी



पिछले महीने हवाई हमलों के बाद मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना या सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) ने इन स्थानों का जिक्र नहीं किया था। इस नए खुलासे से पता चलता है कि भारत ने जिन इलाकों में हमले करने की बात की स्वीकार की थी, उससे कहीं अधिक गहराई में जाकर हमले किए गए थे। इससे यह बात भी समझ में आती है कि पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी। इस खुलासे से पाकिस्तान के उस दावे पर भी सवाल खड़ा होता है, जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इससे पहले कई मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि ये हमले कितनी सटीकता और योजना से किए गए। अब यह माना जा रहा है कि भारत की ओर से कुछ ठिकानों के नाम न बताना एक रणनीतिक फैसला था, जिससे पाकिस्तान खुद ही नुकसान की असली तस्वीर उजागर करे और भविष्य में वह कोई झूठा दावा न कर सके।

इससे पहले, मैक्सार टेक्नोलॉजीज की ओर जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए सटीक हवाई हमलों से हुए नुकसान को दिखाया गया था। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। जिन ठिकानों पर हमले हुए थे, उनमें बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल हैं। इसके अलावा जिन अन्य जगहों को निशाना बनाया गया उनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल शामिल थे।

## ब्रिटिश संसद ने आतंकवाद को बताया लोकतंत्र के लिए खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय प्रगति की भी सराहना की, जिसमें डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां शामिल हैं।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद साइकिल रिक्शा पर जलमग्न सड़क को पार करते लोग।

## भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की मेलिशया में आतंकवाद निरोधक शोध संस्थान के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मलेशिया में कुआलालंपुर में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एसईएआरसीसीटी) के महानिदेशक दतिन पादुका नूर आशिकिन मोहम्मद तैयब के नेतृत्व में केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने एसईएआरसीसीटी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में किसी भी और नाम से की जाने वाली आतंकवादी गतिविधि को रत्ती भर भी सहन न करने की भारत की सैद्धांतिक नीति और दृढ़ संकल्प की विस्तार से व्याख्या की। भारत के संसदीय दल ने एसईएआरसीसीटी के लोगों को विशेष रूप से पहलगाम में हाल ही में सीमा पार से आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात को समझाया। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान की सह पर आतंकवादियों ने बर्बर तरीके से चुन-चुन कर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिसमें एक नेपाल का नागरिक भी था।

## प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर हुई पाक टिकटॉक स्टार की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की सोमवार को उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर भाग खड़ा हुआ था। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है।



अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया।

हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। रिजवी ने बताया कि सना ने 29 मई को अपना बर्थडे मनाया था। इस दिन संदिग्ध ने सना से मिलने की खूब कोशिश की थी।

- रिश्तेदार बनकर घर में घुसा फिर सना को गोली मारी हमलावर 10वीं पास बेरोजगार

वह उसके घर भी पहुंचा था और सात से आठ घंटे तक मिलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सना से उसकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने सबूत मिटाने के लिए सना का मोबाइल फोन ले लिया था। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल हथियार भी मिला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाई। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल और सना का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

## माली में घुसपैठ की असफल कोशिश में 14 आतंकी मारे गए

**बमाको।** माली के उत्तरी शहर टिम्बकटू में सोमवार को आतंकवादी लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी माली सशस्त्र बलों ने एक बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया कि घुसपैठ की कोशिश स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के आसपास हुई और 'मालियन सशस्त्र बलों की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों को तुरंत खदेड़ दिया गया। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 14 आतंकवादी मारे गए, 31 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार हुए तथा हथियार, वाहन और विभिन्न सामग्रियां बरामद की गईं। घुसपैठ की यह कोशिश, डौएंट्ज़ा के मध्य क्षेत्र में स्थित बौलकेसी के एक सैन्य अड्डे पर हुए घातक हमले के एक दिन बाद हुई। रविवार को एक अलग बयान में, एफएएमए ने बौलकेसी शिविर पर हमले की पुष्टि की तथा कहा कि वापस जाने से पहले उसने जोरदार जवाब दिया।

## कराची जेल से 216 कैदी भागे, 136 अभी भी फरार

### भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार, 80 से ज्यादा कैदी दोबारा पकड़े गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं।

जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। फरार कैदियों को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उनकी एक साथ परेड कराई। पकड़े एक फरार कैदी ने बताया कि भूकंप की खबर सुनने के बाद सब लोग भाग रहे थे, इसलिए वो भी भाग गया। एक दूसरे कैदी ने दावा किया कि जेल की दीवार गिर गई थी, इसलिए वो लोग भाग गए। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पान्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकार्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चौक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

- इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी



## ईरान ने अमेरिकी परमाणु समझौते को किया खारिज

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के परमाणु समझौते को 'बेकार' बताते हुए इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि समझौता देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह उसे यूरेनियम संवर्धन से रोकता है। ईरान ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह एक अस्वीकार्य प्रस्ताव है। मेज़ा नेट की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित समझौते के बारे में बात करते हुए एक ईरानी राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिका का रुख अपरिवर्तित है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं है। ईरान एक नकारात्मक प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिकी प्रस्ताव की अस्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है। इससे पहले एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सोमवार को सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कथित तौर पर अधिकारियों द्वारा अभी तक अनिर्धारित अवधि के लिए यूरेनियम के सीमित निम्न-स्तरीय संवर्धन पर सहमति व्यक्त की थी।

ओमान के विदेश मंत्री सईद बदर अल-बुसैदी ने 31 मई को ईरान के दौरे के दौरान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मध्यस्थता में मस्कट की मदद की पेशकश की। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद दोनों देशों में इस मुद्दे पर गतिरोध बरकरार है।

## रूस का दावा: 24 घंटे में यूक्रेन के 1400 सैनिक मारे

### यूक्रेन बोला: तीन साल में रूस के 10 लाख सैनिक मारे गए

**मास्को/कीव।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच रूस ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के करीब 1400 सैनिकों को मार गिराया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी इस आंकड़े की घोषणा तब हुई, जब मास्को और कीव के प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल में युद्धविराम पर बातचीत के लिए मिल रहे थे। यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए। वहीं, यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने 3 जून को दावा किया कि फरवरी 2022 से शुरू हुए युद्ध में अब तक रूस के लगभग 10 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 1100 सैनिक मारे गए। यूक्रेन ने यह भी दावा है कि युद्ध में अब तक रूस के 10881 टैंक, 22671 बख्तरबंद वाहन, 50607 वाहन और फ्यूल टैंक, 28623 तोपखाने सिस्टम, 1402 राकेट लान्चर, 1176 एयर डिफेंस सिस्टम, 384 हवाई जहाज, 336 हेलिकाप्टर, 38748 ड्रोन, 28 जहाज और एक पनडुब्बी खोई है।

- यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए



## भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता: कनिमोझी

**मैड्रिड।** भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन की अगुआई कर रहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोमवार को स्पेन में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता है।

उन्होंने कहा कि यही संदेश यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया को देने आया है। दरअसल, स्पेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उनसे पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है। इसके जवाब में कनिमोझी ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता। यही सबसे जरूरी संदेश है जो आज दुनिया तक पहुंचाना चाहिए। कनिमोझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में डीएमके केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल तीन-भाषा फार्मूले का विरोध कर चुकी है। स्पेन में कनिमोझी के नेतृत्व में भारत का 'ग्रुप-6' डेलिगेशन स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस से भी मिला। स्पेन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत की स्थिति की जानकारी स्पेन को दी। विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा कि स्पेन भारत की आतंकवाद विरोधी लड़ाई में पूरी तरह से उसके साथ खड़ा है।

- डीएमके सांसद ने स्पेन में कहा: यही संदेश हमारा डेलिगेशन दुनिया को देने आया है

## बाइडन के क्षमादानों की जांच करेगा अमेरिकी न्याय विभाग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी क्षमादान अटॉर्नी एड मार्टिन ने अपने कर्मचारियों को सूचित किया कि उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में जारी किए गए क्षमादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन को पूर्व राष्ट्रपति बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में अपने परिवार के सदस्यों और मृत्युदंड के कैदियों को दी गई क्षमा की जांच करने का निर्देश दिया गया है। न्याय विभाग के क्षमा अटॉर्नी के रूप में कार्यरत मार्टिन ने एक ईमेल में खुलासा किया कि जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या बाइडन अपने कार्यकाल के दौरान सक्षम थे और क्या उन्हें ऑटोपेन या अन्य तरीकों के माध्यम से दवाब बनाया गया था। ऑटोपेन एक ऐसा उपकरण है जो स्वचालित रूप से दस्तावेज पर हस्ताक्षर करता है और ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा अपुष्ट दावे किए गए हैं कि बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इस उपकरण का उपयोग उनके कार्यों की वैधता पर सवाल उठाता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्टिन यह जांच करने की योजना बना रहे हैं कि क्या यह क्षमादान बाइडन के शासनकाल के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में था या फिर कुछ लोग उनपर इसका दबाव बनाकर उनका शोषण कर रहे थे।

यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था



## मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गई गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं

### ट्रम्प के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा

**ब्रासीलिया।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई।

थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यही मूल संदेश है। थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रम्प ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रम्प ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।

- हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे